वर्ष 24, अंक 277, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 16 अप्रैल 2026
विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## सम्राट चौधरी बने बिहार के 24 वें मुख्यमंत्री

**बिहार**
**सम्राट** चौधरी 15 अप्रैल 2026 को बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बने. उनके सामने बिहार की पुरानी समस्याएं अब भी वैसी ही खड़ी हैं, जिन्हें लालू-राबड़ी, नीतीश कुमार और छोटे कार्यकाल वाले जीतन राम मांझी ने पूरी तरह हल नहीं किया. ये नेता सत्ता में रहे, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और जनसंख्या-औद्योगिक कमी जैसे बुनियादी मुद्दों पर ठोस परिवर्तन नहीं ला सके. नतीजतन, बिहार आज भी देश के सबसे पिछड़े राज्यों में शुमार है. एक्सप्लेनर में समझते हैं कि बिहार के नए CM के आगे कौन सी '10 सम्राट' चुनौतियां हैं...

1. शिक्षा व्यवस्था लकवाग्रस्त

बिहार में स्कूलों की संख्या 94,339 है, लेकिन 2021-22 से 2024-25 के बीच कुल नामांकन 23% घटकर 2.11 करोड़ रह गया. प्राइमरी लेवल पर नामांकन सबसे ज्यादा गिरा. ड्रॉपआउट दर ऊपरी प्राथमिक में 9.3% है. साक्षरता दर अभी भी राष्ट्रीय औसत (73%) से बहुत कम है. लालू-राबड़ी और नीतीश के दौर में स्कूल



बने, लेकिन गुणवत्ता और रिटेंशन नहीं सुधरी. सम्राट चौधरी को अब इस लकवे को ठीक करना होगा.
सम्राट चौधरी कैसे सुधार सकते हैं: वे नीतीश की 'सात निश्चय' को तेज कर स्कूलों में डिजिटल क्लासरूम, शिक्षक भर्ती और NEP 2020 के तहत फाउंडेशनल लिटरेसी पर फोकस कर सकते हैं. BJP की केंद्र योजना से फंड लेकर प्राइवेट पार्टनरशिप बढ़ा सकते हैं.

2. स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट

CAG की 2024 की ऑडिट रिपोर्ट में बिहार के सरकारी स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी साफ उजागर हुई. NFHS-5 के मुताबिक, मातृ मृत्यु दर और बच्चे की मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से ऊपर है. 2026-27 बजट में 21,270 करोड़ रुपये स्वास्थ्य पर रखे गए, लेकिन अस्पतालों में बेड, डॉक्टर और दवाओं की कमी बरकरार है. पिछले नेताओं ने योजनाएं बनाईं, पर सिस्टम अभी भी कमजोर है.
सम्राट चौधरी कैसे सुधार सकते हैं: आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को पूर्ण रूप से लागू कर सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर भर्ती और इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड कर सकते हैं. केंद्र से अतिरिक्त फंड लेकर जिला स्तर पर स्पेशलिस्ट अस्पताल बना सकते हैं।

## उत्तर प्रदेश में जैविक क्रांति! गंगा किनारे 3370 ऑर्गेनिक क्लस्टर से बदल रही खेती की तस्वीर

**उत्तर प्रदेश**
**मां** गंगा के किनारे उत्तर प्रदेश में अब आस्था के साथ समृद्धि की नई धारा भी बह रही है. योगी सरकार ने गंगा के तटवर्ती 26 जिलों में जैविक खेती का ऐसा मॉडल तैयार किया है, जो न सिर्फ किसानों की आय बढ़ा रहा है बल्कि प्रदेश की कृषि व्यवस्था को भी नई दिशा दे रहा है. नमामि गंगे योजना के तहत गंगा के दोनों किनारों पर 5-5 किलोमीटर क्षेत्र में 3,370 जैविक क्लस्टर विकसित किए गए हैं,





जिनसे करीब 90 हजार किसान परिवार आत्मनिर्भर बने हैं. योगी सरकार इन क्षेत्रों में ऑर्गेनिक विलेज विकसित कर रसायन-मुक्त खेती को मिशन मोड में आगे बढ़ा रही है।

## 5 मई के बाद गुंडों को उल्टा लटका देंगे- शाह

**बंगाल**
**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तरी बंगाल में अपने चुनाव प्रचार के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भ्रष्टाचार के जरिए जनता से कथित तौर पर लूटा गया एक-एक रुपया वापस लेगी। बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले लगातार रैलियों में बोलते हुए उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजनीतिक करियर बेदाग रहा है और मतदाताओं से राज्य में भाजपा को सत्ता में लाने का आग्रह किया।
जलपाईगुड़ी के राजगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सत्ता से हटना अब सिर्फ समय की बात है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा उत्तरी बंगाल से सुधारात्मक कार्रवाई शुरू करेगी और टीएमसी नेतृत्व पर जनता के धन की हेराफेरी का आरोप लगाया। उन्होंने भीड़ से कहा कि मोदी ने गुजरात पर 12 साल शासन किया और केंद्र में अगले 12 साल सत्ता में हैं; फिर भी उन पर एक पैसे के भ्रष्टाचार का भी कोई आरोप नहीं लगा है।
केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आने के बाद तृणमूल नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेगी, जिन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले में 300 करोड़ रुपये हड़पे और उत्तर बंगाल के लिए केंद्र द्वारा स्वीकृत बाढ़ राहत कोष से 100 करोड़ रुपये चुराए। शाह ने कहा कि उत्तर बंगाल तीन टी के लिए जाना जाता है-टी (चाय), टिंबर (लकड़ी) और टूरिज्म (पर्यटन)। लेकिन ममता बनर्जी ने इसमें एक चौथा टी जोड़ दिया है-भाजपा कार्यकताओं के टीअर्स (आंसू), जिन्होंने तृणमूल के गुंडों के हाथों असहनीय पीड़ा झेली है।
अलीपुरदुआर जिले के फलाकाटा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने फलाकाटा विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक और भाजपा के उम्मीदवार दीपक बर्मन पर मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं के एक समूह द्वारा किए गए हमले का जिक्र किया। शाह ने कहा कि मैं ममता बनर्जी से कहना चाहता हूं कि आपके गुंडे उन्हें (बर्मन को) डरा नहीं सकते, वह भाजपा कार्यकर्ता हैं। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि पांच मई (मतगणना के एक दिन बाद) के बाद कोई भी आप पर उंगली तक नहीं उठा सकता।
शाह ने कहा कि मैं तृणमूल के गुंडों को सलाह देता हूं कि वे 23 अप्रैल को, यानी चुनाव के दिन, घर पर ही रहें, वरना पांच मई के बाद हम आपको उल्टा लटका देंगे। घुसपैठिया मुक्त उत्तर बंगाल की वकालत करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार कि जिसने भारत में नक्सलवाद को समाप्त किया।

## भारत की थोक महंगाई में बड़ा उछाल!

### भारत की थोक महंगमार्च में दर बढ़कर 3.88% पहुंची, कच्चे तेल और गैस ने बिगाड़ा बजट

**नई दिल्ली**
भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महंगाई के मोर्चे पर एक चिंताजनक खबर सामने आई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2026 में थोक मूल्य सूचकांक (हढक) पर आधारित महंगाई की दर बढ़कर 3.88 प्रतिशत हो गई है। यह बढ़ोतरी इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि फरवरी में यह दर मात्र 2.13 प्रतिशत थी। एक महीने के भीतर आई इस तेजी ने औद्योगिक लागत और आम जनता की जेब पर पड़ने वाले बोझ को लेकर नई बहस छेड़ दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा, "मार्च 2026 में महंगाई की सकारात्मक दर मुख्य रूप से कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, बुनियादी धातुओं के निर्माण और खाद्य वस्तुओं आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है।"
6.36 प्रतिशत की महंगाई दर
प्राथमिक वस्तुओं (भारः 22.62 प्रतिशत) में 6.36 प्रतिशत की महंगाई दर्ज की गई, जिसमें महीने-दर-महीने 2.28 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई; इसका मुख्य कारण कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतों में आई



भारी बढ़ोतरी थी।
इसी तरह, ईंधन और बिजली (भारः 13.15 प्रतिशत) की दर पिछले महीनों की नकारात्मक महंगाई की तुलना में सकारात्मक होकर 1.05 प्रतिशत हो गई, जो भू-राजनीतिक तनावों के कारण ऊर्जा की कीमतों में आई उछाल को दर्शाता है।
इसके अलावा, विनिर्मित उत्पादों (भारः 64.23 प्रतिशत) में 3.39 प्रतिशत की महंगाई दर्ज की गई, जो औद्योगिक वस्तुओं में लगातार लागत दबाव को इंगित करता है; 22 में से 16 समूहों में कीमतों में वृद्धि देखी गई।
PHDCCI के अध्यक्ष राजीव जुनेजा ने कहा, "मार्च 2025 की तुलना में मार्च 2026 में हढक महंगाई में आई भारी वृद्धि, कीमतों की गति में एक व्यापक मजबूती को दर्शाती है।
यह मजबूती ऊर्जा से संबंधित घटकों और विनिर्मित उत्पादों में आई उछाल के साथ-साथ प्रमुख प्राथमिक वस्तुओं में पहले आई नरमी के पलटने के कारण आई है।"

## संकट पर विदेश मंत्रालय का दो टूक जवाब

**नई दिल्ली**
विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को कहा कि भारत ऊर्जा सुरक्षा की जरूरतों और मौजूदा अंतरराष्ट्रीय बाजारों को ध्यान में रखते हुए विविध स्त्रोतों से तेल खरीदना जारी रखेगा। जयसवाल ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा आवश्यकताओं, अंतरराष्ट्रीय बाजार की मौजूदा स्थिति और वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में



रखते हुए, हम विविध स्त्रोतों से तेल खरीदना जारी रखेंगे।
विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के संबंध में कई देशों से बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि सबसे पहले, वहां मौजूद हमारे शेष जहाज भी सुरक्षित वापस लौट आएं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध की शुरूआत से ही होर्मुज जलडमरूमध्य, जो एक महत्वपूर्ण व्यापारिक जलमार्ग है, में जहाजरानी बाधित है।
विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई फोन कॉल का भी जिक्र किया और बताया कि इस बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

## ओबीसी, दलितों की हिस्सा चोरी कर रहे पीएम- राहुल



**नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार द्वारा लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने और 2026 से पहले की जनगणना के आधार पर परिसीमन की अनुमति देने के लिए संविधान संशोधन का प्रस्ताव रखे जाने के मद्देनजर, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस सरकार को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित और आदिवासी समुदायों के प्रतिनिधित्व का हिस्सा छीनने नहीं देगी और इसे एनडीए का राष्ट्र-विरोधी कदम बताया।
एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि उनकी कांग्रेस महिला आरक्षण का स्पष्ट रूप से समर्थन करती है, लेकिन सरकार को परिसीमन केवल 2026 की जनगणना के आधार पर ही करना चाहिए, जो वर्तमान में चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह का कोई भी कानून लाने से पहले जाति जनगणना को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार जो प्रस्ताव पेश कर रही है, उसका महिला आरक्षण से कोई लेना-देना नहीं है। यह संशोधन परिसीमन और हेरफेर के जरिए सत्ता हथियाने का प्रयास है। जाति जनगणना के आंकड़ों को नजरअंदाज करके हम ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदायों की ह्यहिस्सा चोरीह्न बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम दक्षिणी, उत्तर पूर्वी, उत्तर पश्चिमी और छोटे राज्यों के साथ भी अन्याय नहीं होने देंगे।
गांधी ने दावा किया कि भाजपा पिछड़े समुदायों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं देना चाहती, और साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस जाति जनगणना से डरते हैं।

## आंध्र प्रदेश में सिलेंडर ब्लास्ट से हड़कंप!

### तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत, धमाके से ढह गए दो घर



**आंध्र प्रदेश**
**आंध्र** प्रदेश के श्री सत्यसाई जिले से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। बुधवार दोपहर को एक रिहायशी मकान में रसोई गैस सिलेंडर फटने से तीन लोगों की मौत हो गई। धमाका इतना जोरदार था कि इसकी चपेट में आने से दो घर पूरी तरह जमींदोज हो गए। पुलिस प्रशासन और बचाव दल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुटे हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक (रढ) एस. सतीश ने इस घटना की पुष्टि की है।
दोपहर के सन्नाटे को चीर गया धमाका
घटना कादिरी मंडल के कामरावारीपल्ली गांव की है। पुलिस के अनुसारः
समयः हादसा बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ।
पीड़ितः जिस घर में धमाका हुआ, वहां तेलंगाना के प्रवासी मजदूर रह रहे थे।
नुकसानः सिलेंडर फटने से हुए जबरदस्त कंपन और आग के कारण दो मकान ढह गए, जिससे मलबे में दबने और झुलसने से तीन मजदूरों की जान चली गई।
धमाके के समय घर में मजदूर रह रहे थे
सतीश ने PTI को बताया, "कादिरी मंडल के कामरावारीपल्ली गांव में दोपहर करीब 12.30 बजे एक घर में गैस सिलेंडर फटने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई।" उन्होंने बताया कि जिस घर में धमाका हुआ, वहां तेलंगाना के मजदूर रह रहे थे।
पुलिस ने बताया कि इस महीने की शुरूआत में हरियाणा के यमुनानगर में भी इसी तरह का एक धमाका हुआ था।
यमुनानगर में प्रवासी मजदूरों के लिए बने एक रिहायशी क्वार्टर में गैस सिलेंडर से रिसाव के कारण आग लग गई थी, जिसमें सात बच्चों सहित 11 लोग झुलस गए थे।

## महिला आरक्षण बिल का समर्थन, पर तरीके पर ऐतराज

**नई दिल्ली**
विपक्ष की बैठक के तुरंत बाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि सरकार द्वारा विधेयक लाने के तरीके का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक रूप से प्रेरित है। इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम सभी महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में हैं। लेकिन जिस तरीके से इसे पेश किया गया है, उस पर हमें आपत्ति है। यह राजनीतिक रूप से प्रेरित है। विपक्षी दलों को दबाने के लिए सरकार ऐसा कर रही है।



हालांकि हमने महिला आरक्षण विधेयक का लगातार समर्थन किया है, लेकिन हम चाहते हैं कि पहले के संशोधनों को लागू किया जाए। वे परिसीमन को लेकर कुछ चालें चल रहे हैं। भारत खबर अपडेट
मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम सभी दलों को संसद में एकजुट होकर लड़ना चाहिए। हम इस विधेयक का विरोध करेंगे, लेकिन हम (महिलाओं के लिए) आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं। जिस तरह से उन्होंने विधेयक में परिसीमन को शामिल किया है, उन्होंने जनगणना भी नहीं कराई है। संविधान की सभी शक्तियां कार्यपालिका द्वारा हथियाई जा रही हैं। ज्यादातर, जो शक्तियां संस्थाओं, संसद के पास होनी चाहिए, वे उन्हें इसलिए दी गई हैं ताकि वे किसी भी समय परिसीमन बदल सकें...वे असम और जम्मू-कश्मीर में पहले ही हमें धोखा दे चुके हैं।
आईयूएमएल सांसद ई. टी. मोहम्मद बशीर ने कहा कि हम परिसीमन विधेयक का विरोध कर रहे हैं क्योंकि यह वास्तव में एक जाल है।
वे 2023 में भी आरक्षण दे सकते थे, और हम अब भी उसका समर्थन करते हैं।

## प्रयागराज में दो ट्रेनों की चपेट में आकर पांच की मौत

### दर्दनाक हादसा:

**करछना प्रयागराज ।** करछना क्षेत्र के पचदेवरा हाल्ट के पास बुधवार शाम एक भीषण रेल हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और रेलवे की टीम ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, शाम करीब साढ़े सात बजे पचदेवरा हाल्ट पर एक ट्रेन कुछ देर के लिए रुकी थी। इसी दौरान एक यात्री ट्रेन से उतरकर दूसरी लाइन की ओर चला गया। तभी तेज रफ्तार से आ रही कालका मेल की चपेट में आने से उसकी मौके पर



ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के बाद ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने शोर मचाया। मृतक के परिजन घबराकर नीचे उतर आए। इसी बीच दूसरी दिशा से आ रही एक और ट्रेन की चपेट में आकर तीन अन्य लोगों की भी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कुल पांच लोगों के जान गंवाने की पुष्टि हुई है। घटना के बाद एक अन्य व्यक्ति के लापता होने की भी सूचना है। आशंका जताई जा रही है कि वह भी ट्रेन की चपेट में आया हो, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।
सूचना मिलते ही करछना थाने की पुलिस, एसीपी सुनील कुमार सिंह, जीआरपी और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस मृतकों की पहचान कराने में जुटी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## यूपी बनेगा ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब- योगी

**लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को फ्लैग ऑफ किया. मुख्यमंत्री ने इसे महज एक औद्योगिक उपलब्धि से अधिक राज्य को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम बताया. उन्होंने कहा कि 34 वर्षों की यह यात्रा ह्लटाटा के ट्रस्टह्व और उत्तर प्रदेश की बदलती कार्यसंस्कृति, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर व निवेश अनुकूल माहौल का प्रमाण है. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने केवल औद्योगिक उपलब्धियों की बात नहीं की, बल्कि कार्यसंस्कृति के मूल मंत्र को भी प्रमुखता से सामने रखा।

# मिड डे मील भोजन करने के बाद दो दर्जन बच्चों की बिगड़ी तबीयत

## 14 बच्चे सीएचसी कोरांव में किए गए भती तो 10 का विद्यालय परिसर में ही स्वास्थ्य टीम ने किया उपचार

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** विकासखंड कोरांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलहट में बुधवार को मिड डे मील का भोजन करने के बाद अचानक बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी एक दो बच्चे विद्यालय परिसर में ही उल्टी दस्त करना शुरू कर दिए तो शिक्षक भी हैरान हो गए।

फिलहाल शिक्षकों ने समय से पहले ही विद्यालय में छुट्टी कर दी। देखते ही देखते दर्जन भर बच्चे विद्यालय परिसर में ही उल्टी और दस्त करना करना शुरू कर दिए। बच्चों के तबीयत बिगड़ने की सूचना पाकर अभिभावक भी विद्यालय में पहुंच गए। स्थिति को गंभीर होते देख मामले की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान खान को दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे और विद्यालय के बीमार बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कोरांव लेकर आए जहां बीमार बच्चों का भती कर उपचार शुरू किया गया। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र शिवानी संगीता और प्रिंस शर्मा ने बताया कि टमाटर सोयाबीन की तहरी बनी थी। दोपहर के भजन में तहरी दी गई थी इसके बाद दूध भी बच्चों को पीने के लिए दिया गया भोजन करने के बाद ही बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। दूध बच्चों को दिया गया था जिसके बाद अचानक बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। बीमार छात्र देवा कुमार के पिता वीरेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यालय में अक्सर भोजन में लापरवाही की जाती है। जिसकी शिकायत भी कई बार की गई थी लेकिन शिक्षकों व जिम्मेदारों के द्वारा अभिभावकों की शिकायत को अनसुना किया गया जिसका खामियाजा हुआ कि एक साथ दो दर्जन बच्चे बीमार हो गए। उन्होंने भोजन व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। विद्यालय में मिड डे मील का भोजन करने के बाद एक साथ कुल 24 बच्चे बीमार हो गए जिनमें 14 बच्चों को सीएचसी कोरांव में भती कर उपचार कराया गया तो 10 बच्चों का विद्यालय परिसर में ही स्वास्थ्य टीम ने पहुंचकर उपचार किया। सीएचसी में उपचार के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान खान जहां मौजूद रहे वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह समेत कई चिकित्सकों ने मिलकर बच्चों का उपचार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी न्यायिक संदीप तिवारी, पूर्व विधायक रामकृपाल कोल, भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष ललन सिंह पटेल आदि लोगों ने पहुंचकर बीमार बच्चों का हाल-चाल लिया। जिन बच्चों की तबीयत बिगड़ी उनमें रोशनी, ज्योति, काजल, अनुराग, किरन, खुशबू, कविता, ज्योति, बबीता, दिव्यांशु, देवा धीरज, आकाश व नीरज शामिल है। जिनका सीएचसी कोरांव पर उपचार किया गया। जबकि अन्य बच्चों का चिकित्साधिकारी डॉ धर्मेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ विद्यालय परिसर में ही पहुंचकर उपचार किया। मामले को लेकर एसडीएम न्यायिक संदीप तिवारी ने बताया कि मेरे द्वारा खुद सीएचसी जाकर बच्चों का हाल-चाल लिया गया बच्चों की भोजन करने के बाद तबीयत बिगड़ी है। मामले की जांच कराई जाएगी। बीमार बच्चों की हालत में सुधार है। कुछ बच्चे घर भी चले गए हैं। कुछ का अभी सीएचसी पर ही उपचार चल रहा है। इस संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान खान से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मिड डे मील के भोजन के बाद कक्षा 8 के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया था जिसमें शिक्षकों के द्वारा बाहर से लाकर समोसा और कोल्ड ड्रिंक दी गई थी। जिससे बच्चों की तबीयत बिगड़ी है। मामले की जांच कराई जा रही है। बीमार सभी बच्चों की तबीयत में सुधार है, कुछ घर चले गए हैं कुछ का उपचार जारी है।

### विधायक ने लिया जायजा

उक्त घटना की जानकारी होते ही पूर्व विधायक रामकृपाल कोल कांग्रेस नेता तथा भाजपा विधायक कोरांव राजमणि कोल भी अस्पताल पहुंचे। जहां बी एस ए के साथ बातचीत कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बच्चों का हाल चाल लिया।



अस्पताल में बीमार बच्चों को देखने पहुंचे पूर्व विधायक रामकृपाल कोल एवं भाजपा विधायक राजमणि कोल ।

### नोएडा की चिंगारी अब बारा में भड़की, पीपीजीसीएल में मजदूरों का महाप्रदर्शन, लिखित हक पर अड़े, अधिकारी मौके पर डटे

**शंकरगढ़।** यमुनापार के बारा क्षेत्र में स्थित प्रयागराज पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (बारा पावर प्लांट) बुधवार को मजदूरों के गुस्से का बड़ा केंद्र बन गया। सुबह से ही हजारों की संख्या में मजदूर प्लांट परिसर में जुटते गए और देखते ही देखते पूरा इलाका नारों और विरोध से गूंज उठा। मजदूरों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। मजदूरों का आरोप है कि कंपनी उनके साथ आर्थिक और शारीरिक शोषण कर रही है। उनका कहना है कि उनसे लगातार 12-12 घंटे काम कराया जा रहा है, जबकि श्रम कानून के तहत 8 घंटे की ड्यूटी तय है। महंगाई के इस दौर में कम मानदेय पर काम करना अब उनके लिए असंभव हो गया है, ऐसे में वेतन वृद्धि की मांग भी तेज हो गई है। प्रदर्शनकारी मजदूर अब आर-पार के मूड में हैं। उनका साफ कहना है कि अब सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि लिखित गारंटी चाहिए। जब तक उनकी मांगों को लिखित रूप में नहीं माना जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सक्रिय नजर आया। उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम, नायब तहसीलदार राकेश यादव और थाना प्रभारी शंकरगढ़ सुशील कुमार दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर डटे रहे और मजदूरों को समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन प्रदर्शनकारी अपने रुख पर कायम दिखे। हालांकि देर शाम स्थिति में कुछ नरमी देखने को मिली। कंपनी के अधिकारियों के आश्वासन और एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम व एसीपी वेदव्यास मिश्रा के हस्तक्षेप के बाद मजदूरों ने फिलहाल धरना समाप्त कर दिया। कंपनी प्रबंधन की ओर से कहा गया कि सरकार द्वारा तय मानकों के अनुसार ही आगे निर्णय लिया जाएगा, साथ ही मजदूरों की कई छोटी-मोटी मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया गया।इसके बावजूद मजदूर अपने रुख पर अडिग हैं। उनका कहना है कि जब तक मांगों पर लिखित सहमति नहीं मिलती, तब तक भरोसा संभव नहीं है। चेतावनी दी गई है कि यदि कंपनी ने ठोस कदम नहीं उठाया तो 23 तारीख को एक बार फिर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### सतुआ महोत्सव में कवियों की कविताओं पर झूमते रहे श्रोता



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में सतुआ संक्रांति के पावन पुनीत अवसर पर यमुनापार विकास समिति और अवन्तिका विकास समिति के तत्वावधान में मंगलवार को नैनी के अभिनंदन भवन में कवि सम्मेलन एवं सतुआ महोत्सव का आयोजन किया गया। देर शाम तक चलने वाले सम्मेलन में कवियों की कविताओं पर श्रोता झूमते रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डॉ शम्भुनाथ त्रिपाठी अंशुल ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व आईजी सीपी सिंह व विशिष्ट अतिथि पार्षद रणविजय सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष, पत्रकार, कवि जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत किया तथा समिति के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कवि सम्मेलन की शुरुआत डॉ अमरनाथ सिंह की सरस्वती वंदना से हुई। कवि बेचनलाल विनोदी की कविता मीन राशि तज सूयर्देव जब मेष राशि में आते, इस पावन दिन को ही हम सतुआ संक्रांति मनाते तथा डॉ सबरेज अहमद की रचना कोई नगमा सुनाऊं ये दिल कह रहा खूब सराही गई। डॉ अमरनाथ सिंह की गजल आगोशे मोहब्बत में हम दिल से दिल मिलाएं व वेदानंद की कविता कुदरत का बदलाव देखकर सगरौ दुनिया बा हैरान ने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। संचालन कर रहे जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने तुम्हारी यादों को हम अपने दिल मे यूं संजोए हैं, वो तो खुशियां मना रही होगी, अपने सपने सजा रही होगी जैसी कई कविताएं सुनाकर लोगों का मन मोह लिया। पार्षद रणवीर सिंह ने अपने गीत सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। डॉ शम्भुनाथ त्रिपाठी अंशुल ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में सतुआ संक्रांति की व्याख्या के साथ अपनी रचनायें सुनाकर मंच को उंचाई प्रदान की। मुख्य अतिथि सीपी सिंह ने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लोगों से अपनी संस्कृति बचाये रखने पर बल दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी पवनेश उपाध्याय, भानू मिश्रा, सुषमा विश्वकर्मा आदि ने भी अपने विचार रखे। यमुनापार विकास समिति के महामंत्री अखिलेश सिंह, अवन्तिका विकास समिति के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी, महामंत्री रणवीर सिंह, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा सुषमा विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में गंगा ठाकुर, मंजू भल्ला आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में सबने साथ मिलकर सत्तू का प्रसाद ग्रहण किया। संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### भक्ति रस में डूबा थानापुर, भगवान का प्राकट्य होते ही माहौल हुआ भक्तिमय



**सहसों।** सहसों के थानापुर गांव में मुख्य यजमान मानिकचंद द्विवेदी एवं राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी के संयोजन में चल रहे सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन बुधवार को श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा व्यास आचार्य श्री यशोदा नंदन जी महाराज ने भक्त प्रहलाद चरित्र एवं भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का अत्यंत भावपूर्ण एवं मार्मिक वर्णन कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान कथा व्यास ने बताया कि दैत्यराज हिरण्यकशिपु के घर जन्मे भक्त प्रहलाद ने विषम परिस्थितियों में भी भगवान विष्णु की भक्ति नहीं छोड़ी, जिसके फलस्वरूप भगवान नरसिंह ने प्रकट होकर उनकी रक्षा की और अधर्म का अंत किया। यह प्रसंग बुराई पर अच्छाई की विजय और भगवान की अपने भक्तों के प्रति अटूट प्रेम का प्रतीक है। आगे उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन करते हुए बताया कि मथुरा के कारागार में देवकी और वासुदेव के आठवें गर्भ से भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया। भगवान के प्राकट्य के साथ ही कारागार के सभी द्वार स्वतः खुल गए और ताले टूट गए। वासुदेव जी बालक कृष्ण को गोकुल में नंद बाबा के घर माता यशोदा के पास छोड़ आए। आयोजकों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की भव्य झांकी निकाली गई, वहीं पूरे कथा पंडाल को फूल-मालाओं एवं रंग-बिरंगे गुब्बारों से आकर्षक रूप से सजाया गया। कथा के समापन पर मुख्य यजमान सहित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान एवं व्यास पीठ की आरती उतारी तथा प्रसाद का वितरण किया गया। कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप से शिव बाबू दूबे, पूर्व प्रधान पिंटू दूबे, तीर्थ राज सिंह, लक्ष्मीकांत, विजयकांत, डॉ संगम लाल, विशाल कुमार, त्रियुगी नारायण सहित आदि भक्त श्रोता कथा श्रवण करते उपस्थित रहे।

# देश में भाजपा ही महिलाओं की है असली हितैषी: अमरनाथ यादव

**अखंड भारत संदेश**

**दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज गोशौरा कला में भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित, स्कूल की प्रबंधक श्रीमती स्वतंत्र मिश्रा ने भी भरी हुंकार कहा मातृ शक्ति ही राष्ट्र की असली शक्ति है**



**मेजा।** भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को मेजा के दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज गोसौरा कला में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिले के यमुनापार प्रभारी अमरनाथ यादव रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत सम्मान से हुई। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमरनाथ यादव ने कहा कि देश में भाजपा ही महिलाओं की असली हितैषी है। उन्होंने 33 प्रतिशत आरक्षण, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भाजपा की भूमिका को रेखांकित किया। इसी क्रम में दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज की प्रबंधक श्रीमती स्वतंत्र मिश्रा ने मातृ शक्ति को राष्ट्र की असली शक्ति बताते हुए कहा कि महिलाएं सिर्फ घर परिवार का संचालन नहीं करतीं, बल्कि मां दुर्गा, सती सावित्री और झांसी की रानी जैसे रूपों में अपनी प्रासंगिकता सिद्ध की है। उन्होंने आगे कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं को अपनी बात रखने एवं महिला हित को मजबूती से रखने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की आयोजक एवं भाजपा की जिलामंत्री श्रीमती प्राची चौबे ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर दुर्गावती स्कूल के चेयरमैन एवं भाजपा नेता सुशील मिश्रा, वंदना द्विवेदी, मीरा पटेल,ममता शुक्ला,रानी सिंह, राजेश पाल धनगर, अजीत मिश्र, राजू शुक्ला, शैलेश पांडेय,अमित शुक्ला, जटाशंकर दुबे तथा शिव द्विवेदी आदि के अलावा कई अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### पैसों के लेन-देन को लेकर दुकानदार से मार पीट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पैसो के लेन देन को लेकर दुकानदार और ग्रहक में लाठी डंडो से हुई मार पीट में कई जख्मी हुए है। पुलिस ने दो नाम जद तथा एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रतापगढ़ के थाना मान्धाता के ग्राम गुडोरो निवासी राधे कृष्ण शर्मा का आरोप है कि माता की दाह संस्कार के बाद बस से परिवार के साथ जा रहा था। राधेकृष्ण शर्मा का आरोप है कि वह अन्य लोग मऊआइमा फोरलेन पर स्थित सुल्तानपुर खास दुकान पर चाय नाश्ता किए। आरोप है कि पैसों को लेन-देन को लेकर दुकानदार और उसके साथियों ने लाठी डंडा से उसे तथा और बस में बैठे मनमोहन, नीतेश,निशांत आदि को मार पीट कर लहुलुहान कर दिए तथा गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिए। राधेकृष्ण शर्मा ने मऊआइमा थाना में तहरीर दे कर सुल्तानपुर खास निवासी मासूम अली,अनस तथा एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# पिता के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से जीवन में हमें मिल रही है प्रेरणा : अनुराग पांडेय

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा के तरवाई गांव के शिक्षा पुरोधा डॉ बालकृष्ण पांडेय की प्रथम पुण्यतिथि पूरे विधि विधान से श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाई गई क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने उनकी यादों को किया नमन दी श्रद्धांजलि**



**मेजा।** मेजा तहसील के तरवाई गांव निवासी शिक्षा पुरोधा डॉ. बालकृष्ण पाण्डेय की प्रथम पुण्यतिथि बीते मंगलवार को श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाई गई। इस दौरान कई शिक्षाविद,राजनैतिक और शुभ चिंतकों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया और उन्हें नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व और सिद्धांतों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दिया। उल्लेखनीय है कि अपने जीवन काल में अनुशासन और संस्कारों के प्रति बेहद धनी डा पांडेय शिक्षा के माध्यम से समाज में युवाओं को जागरूक करने में बड़ी भूमिका निभाई है। उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। श्रद्धांजलि सभा डा पांडेय के बड़े बेटे अरुण कुमार पाण्डेय ने कहते हैं कि पूज्य पिता श्री शिक्षण कार्य के दौरान हमें जो शिक्षा,अनुशासन और संस्कार दिया है, वह हमारे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। हम उनके अधूरे सपनो को पूरा करने और उनके बताए हुए मार्ग पर हर संभव चलने का प्रयासकर रहे हैं। इसी क्रम में छोटे बेटे एवं शिक्षक नेता अनुराग पाण्डेय ने कहा कि पिता का आशीर्वाद मार्गदर्शन और प्रेरणा जीवन में हमेशा हमारे साथ रहा है। कार्यक्रम के अंत में दोनों पांडेय बंधुओं द्वारा उपस्थित लोगों को भोजन आदि कराया गया। इस मौके पर विहिप जिलाध्यक्ष प. नित्यानंद उपाध्याय, भाजपा के वरिष्ठ नेता दुर्गावती स्कूल के चेयरमैन सुशील मिश्र,मेजा बार के पूर्व अध्यक्ष तुलसीदास तिवारी शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी,उच्च न्यायालय के विधि अधिकारी अभिषेक तिवारी टिंकू,पूर्व प्रधान दिनकर मिश्र आदि के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अम्बेडकर जयंती पर भव्य कार्यक्रम, बच्चों को मिला शिक्षा सामग्री का उपहार

**शिक्षा और कलम की ताकत हजार तलवारों से भी ताकतवर होती है : डॉ. आर. डी. सोनकर**



**मांडा।** इलाकाई थाना मांडा क्षेत्र के नरवर चौकठा गांव में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर जन एकता समिति द्वारा एक भव्य, प्रेरणादायक एवं जनहितकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज में शिक्षा के प्रसार और जरूरतमंद बच्चों की सहायता पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु की गई पहल रही। जन एकता समिति के अध्यक्ष डॉ. आर. डी. सोनकर ने इस अवसर पर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी समाज के विकास की नींव शिक्षा होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर लगभग 100 जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, पेंसिल, इरेज़र और शार्पनर जैसी शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इस पहल से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए विभिन्न शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा-मेरी इच्छा-सबको शिक्षा

इसी तरह मांडा में डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। मांडा क्षेत्र के कई गांवों में डीजे और बाजे के साथ भव्य रैलियां निकाली गईं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भोलानाथ सोनकर, सुमन कोल, बसपा नेता चांद मोहम्मद उर्फ चंदू,विजय शंकर कुशवाहा, प्रधान सुधीर यादव, पवन सोनकर, अरविंद कुमार सोनकर, आकाश सोनकर,लव कुमार सोनकर, राम बाबू मौर्य, विनोद कुमार मौर्य और सूरज यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। यहां समाज कल्याण अधिकारी मनोज उपाध्याय, आवास बाबू लाल साहब बिंद, कंप्यूटर ऑपरेटर महेश कुमार गौड़, वीडीओ तेज बहादुर पटेल, संदीप गुप्ता, कमल कुमार, संजीव कुमार, करुणा शंकर, अश्वनी द्विवेदी, प्रदीप मौर्य और ख्वाजा मैनुद्दीन सहित कई अधिकारी व कमर्चारी मौजूद रहे। उधर, विकास खंड मांडा की पचेड़ा ग्राम पंचायत में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित की गई। पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह ने मूर्ति का अनावरण किया और उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मांडा थाना प्रभारी माधव प्रसाद त्रिपाठी पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमण करते रहे। संवेदनशील गांवों के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया, जहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मेजा एसीपी संत प्रसाद उपाध्याय और एडीसीपी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

## न्यूज झरोखा

### मिशन शक्ति फेज 5 के द्वितीय चरण को लेकर महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**थरवई।** मिशन शक्ति फेज 5 के द्वितीय चरण के तहत बुधवार को थरवई क्षेत्र के थानापुर गांव में मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र में निकलकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके सम्मान व उनके अधिकार को लेकर उन्हें जागरूक किया गया। इस मौके पर महिला उप निरीक्षक आकांक्षा द्विवेदी, कांस्टेबल पूनम बिन्द टीम साथ उन्हें जागरूक किया गया। महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान को लेकर दिए गए हेल्प लाइन नंबर में वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 व पुलिस आपात सेवा डायल 112, साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर बताते हुए उन्हें जागरूक किया और यह भी बताया की अगर कोई भी मनचला परेशान करे तो ऐसे में बिल्कुल भी ना घबरायें और दिए गए नंबरों का प्रयोग करें जिससे कुछ ही समय में सहायता प्राप्त होगी और उस मनचले के खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी। इस मौके उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं में कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि पर विस्तार से उन्हें जानकारी दी गई।

### अंबेडकर जयंती : बच्चों को स्कूल बैग व शैक्षिक सामग्री का वितरण



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के ऐतिहासिक भटाई चौराहे पर डॉ, भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजसेवा की भावना के तहत नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्कूल बैग, पेन और अन्य शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में लगभग 300 से 400 बच्चों को सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन धीरेंद्र यादव (धीरू), वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दक्षिणी समाजवादी पाटी द्वारा किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बब्बन दुबे, रवि गुप्ता, सुभाष केशरवानी, देवीलाल, बाबा पीर मोहम्मद, अजहर, सतीश श्रीवास्तव, कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, अंजू नाथ, राजेश गुप्ता, अंकित यादव, चंचल, मोहम्मद शारिक, गुड़िया यादव, ज्योति यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थितरहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहब के विचारों को अपनाने और शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

### छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज में भव्य संगोष्ठी, बाबा साहब आंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि



**सहसों।** छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज, सहसों में बुधवार को विधानसभा फूलपुर के अंतर्गत एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों की बड़ी भागीदारी रही। सभी ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गंगापार एवं पूर्व एमएलसी निर्मला पासवान ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के साहस, समर्पण और सामाजिक न्याय के लिए उनके संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा और भारतीय संविधान के निर्माण में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। संगोष्ठी के संयोजक आशीष प्रजापति ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने और समाज में समानता व न्याय की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर गंगापार जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह पटेल, किरन त्रिवेदी, रोहित केसरी, राजधर द्विवेदी जिला संयोजक नमामि गंगे, विमल मिश्रा, पार्षद अरुण कुमार मिश्रा, सुभाष शुक्ला, लता विश्वकर्मा, शिव बाबू गुप्ता, संगीता पटेल, कुंवर मृगेन्द्र सिंह, अनिल कुमार सरोज, शंकरलाल गौतम, राजेश सरोज, प्रहलाद मोदनवाल, पुष्कर पटेल, शिव बाबू केसरवानी, राजेंद्र भारतीय, प्रसिद्ध नारायण पांडे, दयाशंकर सिंह, विजयलक्ष्मी सिंह चंदेल, डॉ. राजेंद्र वर्मा एवं सुनील पटेल सहित आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पतैयां गांव में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई



**जंघई।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पतैयां गांव में अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि इंजीनियर घनश्याम पांडेय, दीपक सिंह यादव प्रधान, कार्यक्रम आयोजक राकेश कुमार गौतम अध्यक्ष सहित तमाम लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया और संविधान निर्माता के सामाजिक योगदान को याद किया और जय भीम के नारे लगाए गए। कार्यक्रमों में उनके समानता, न्याय, शिक्षा, संगठन और संघर्ष के संदेश को याद किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मा तिवारी, योगेश सिंह, कृष्णानंद मिश्र, धर्मराज, विजय शंकर प्रमेंद्र, कमलेश, संतोष इंद्रासन आदि लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने अंबेडकर जयंती धूम धाम से मनाई



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में कांग्रेस पाटी के कार्यकर्ताओं द्वारा सरगम पुलिस चौकी के पास डा, भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती धूम धाम से मूर्ति पर माल्यार्पण करके मनाई गई। जयंती के अवसर पर बच्चों और महिलाओं को स्वल्पाहार एवम् रसपान कराया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस नेत्री अंजुम नाज एवम् नबाब खान द्वारा किया गया। जयंती समारोह में नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, विनोद जैकब, राजकुमार कुशवाहा, मुन्ना जाफरी, वीरेंद्र यादव, राजकुमार भारतीय, रघुनाथ पासी, यस, के, मौर्या आदि लोग शामिल रहें।

### सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में कृति त्रिपाठी ने 92% अंक प्राप्त किया



**जंघई।** सीबीएसई कक्षा 10 वीं का परिणाम 15 अप्रैल 2026 को घोषित कर दिया गया है, जिसमें कुल 93.70% विद्याथी पास हुए हैं। लड़कियां 94.99% पास प्रतिशत के साथ लड़कों से आगे रहीं। इसी क्रम में नागरिक पीजी कालेज जंघई के कार्यालय अधीक्षक करुणेश त्रिपाठी की पुत्री कृतिका त्रिपाठी ने हाईस्कूल की परीक्षा 92% अंकों के साथ पास किया। कृतिका की उपलब्धि पर परिजनों एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया है।

### मारा पीटा गया सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पत्थर नसब तोड़ कर विपक्षी द्वारा एक राय हो कर मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।पुलिस ने सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरावीरभानपुर निवासी राम कुमार पुत्र जीत लाल का कहना है कि उसने राजस्व टीम को बुलाकर अपने खेतों की पैमाइश के बाद पत्थर नसब करवा दिया गया था। आरोप है कि विपक्षी एक राय होकर पत्थर नसब तोड कर फेंक दिए। विरोध पर मारे पीटे गालियां दी और जान से मारने की धमकी दिए।राम कुमार ने मऊआइमा थाना में सन्त लाल, राजेश कुमार,राज कुमार,जय प्रकाश, मन्ना देवी,सालिक राम,लालती देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# करछना में दो ट्रेनों के चपेट में आने से पांच यात्रियों की मौत





अखंड भारत संदेश

**करछना प्रयागराज।** करछना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना हो गई। बुधवार शाम करीब 7:30 बजे ट्रेन से कटकर 5 लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और रेलवे की टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। हादसा करछना क्षेत्र का पचदेवरा हाल्ट का है। पचदेवरा हाल्ट के पास एक ट्रेन कुछ देर के लिए रुकी थी। एक यात्री नीचे उतरकर दूसरी लाइन के पास टॉयलेट करने लगा। तभी कालका मेलि आ गई और उसकी चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना को देख ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने शोर मचाया। मृतक के परिजन घबराकर नीचे उतर आए, तभी दूसरी ट्रेन भी आ गई और तीनों उसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में उनकी भी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद एक अन्य व्यक्ति के गायब होने की सूचना है। आशंका जताई जा रही है कि वह भी ट्रेन की चपेट में आया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। सूचना मिलते ही करछना थाने की पुलिस, एसीपी सुनील कुमार सिंह, जीआरपी और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

## गंगा में डूबे दूसरे मासूम का शव मिला, गांव में पसरा है सन्नाटा

**झूंसी।** सोहम आश्रम के पास गंगा में स्नान के दौरान डूबे दूसरे किशोर का शव बुधवार को करीब 24 घंटे बाद बरामद कर लिया गया। मंगलवार को हुए इस दर्दनाक हादसे में नैका महीन गांव के दो मासूमों की जान चली गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक है। नैका महीन गांव निवासी अर्पित (11), लवकुश (9) और वैभव (11) मंगलवार दोपहर एक ही साइकिल पर सवार होकर घर से निकले थे। बाग में आम तोड़ने के बाद तीनों सोहम आश्रम के पास गंगा स्नान करने लगे। इसी दौरान अर्पित और लवकुश गहरे पानी में चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को ही अर्पित का शव निकाल लिया था, लेकिन लवकुश का पता नहीं चला था। बुधवार को दोबारा शुरू हुए सर्च ऑपरेशन के बाद एसडीआरएफ ने लवकुश का शव भी बरामद कर लिया। परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम के पंचनामा भरकर शव उन्हें सौंप दिया। एक ही मोहल्ले के दो बच्चों की मौत से गांव में मातम छाया हुआ है।

# कूड़ा भरकर ट्रैक्टर रैली निकालेंगे किसान नगर आयुक्त कार्यालय का करेंगे घेराव

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहे धरने के बीच नगर निगम और ठेकेदारों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए गुरुवार को बड़ा आंदोलन करने की घोषणा की है। संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह के नेतृत्व में किसान 16 अप्रैल को सुबह 10 बजे ह्यकूड़ा भरोह्ल ट्रैक्टर रैली निकालकर नगर आयुक्त कार्यालय का घेराव करेंगे। भाकियू पदाधिकारियों की बैठक में आरोप लगाया गया कि ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं की जा रही हैं। सड़क के बीच बनाए गए डिवाइडर में उपजाऊ मिट्टी की जगह कूड़ा-कचरा और टूटी टाइल्स भरी जा रही हैं, जो न केवल भ्रष्टाचार को दर्शाता है बल्कि पर्यावरण के लिए भी नुकसानदेह है। किसानों का कहना है कि पहले सड़क बनाई जाती है और बाद में उसे तोड़कर सीवर लाइन डाली जाती है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। साथ ही टूटी सड़कों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है।भाकियू के अनुसार, आंदोलन के तहत किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में वही कूड़ा और मलबा भरकर लाएंगे, जिसे सड़क निर्माण में इस्तेमाल किया गया है। इसके बाद हजारों किसान पैदल मार्च करते हुए नगर आयुक्त कार्यालय पहुंचेंगे और प्रतीकात्मक रूप से यह कूड़ा उन्हें सौंपेंगे। प्रदर्शन के बाद किसान फिर ट्रांसपोर्ट नगर धरना स्थल लौटकर अपना अनिश्चित कालीन धरना जारी रखेंगे। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।



## कोर मुख्यालय में स्वास्थ्य शिविर अधिकारियों की हुई जांच

**प्रयागराज।** केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) मुख्यालय में बुधवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कोर, प्रयागराज और उत्तर मध्य रेलवे के केंद्रीय चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने अधिकारियों की रक्त जांच, आंखों की जांच, रक्तचाप मापन और ईसीजी जैसी जरूरी जांचें कीं। इसके साथ ही स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर परामर्श भी दिया गया। वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. परवेज अहमद ने अधिकारियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित जांच कराते रहने की सलाह दी। उनके साथ आहार विशेषज्ञ अपर्णा सक्सेना और पैरा मेडिकल स्टाफ की टीम ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर जोर देते हुए इस तरह के शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता बताई।

# डीएम ने दिए तालाबों को भरवाने व खराब नल कूपों को एक हफ्ते में दुरुस्त कराने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में सिंचाई बंधु की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने गमी के मौसम को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों और पोखरों को प्राथमिकता के आधार पर भरवाने के निर्देश दिए, ताकि पशु-पक्षियों को पेयजल मिल सके और आग लगने जैसी घटनाओं में पानी की उपलब्धता बनी रहे। जिलाधिकारी ने जलभराव वाले इलाकों में नालों की समय पर सफाई कराने को भी कहा। उन्होंने जनपद में स्थापित नलकूपों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से जानकारी ली। बताया गया कि जिले में कुल 1130 नलकूप हैं, जिनमें से 14 तकनीकी कारणों से बंद हैं। इस पर उन्होंने सभी खराब नलकूपों को एक सप्ताह के भीतर चालू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नलकूपों से जुड़ी जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही, 41 नलकूपों के रिबोर कार्य की प्रगति की भी जानकारी ली, जिस पर अधिकारियों ने बताया कि ड्रिलिंग का कार्य जारी है। बैठक में बागला नहर प्रखंड, पूर्वा प्रतापपुर (बारा) में पानी की लिफ्टिंग क्षमता बढ़ाने के लिए सबस्टेशन निर्माण और ट्रांसफार्मर अपग्रेड का कार्य प्रगति पर होने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर जल्द ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए, ताकि नहर में समय से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, उन्होंने सिंचाई विभाग की जमीनों का ऑडिट कराने और अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश दिए। नहरों में रोस्टर के अनुसार पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों के सुझाव शामिल करने को भी कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। बैठक में सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मेजा ग्रामीण न्यायालय में लंबे समय से सेवा दे रहे जज रूपांशु आर्या का हुआ स्थानांतरण



**मेजा।** ग्रामीण न्यायालय मेजा में लंबे समय तक न्याय व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त और पारदशी रखने वाले जज रूपांशु आर्या के स्थानांतरण के बुधवार को मेजा बार के अधिवक्ताओं ने उनका भव्य स्वागत करते भावभीनी विदाई किया है। बता दें कि सन 2023 से अब तक मेजा ग्रामीण न्यायालय में न्यायिक व्यवस्था से जुड़े श्री आर्या का कायर्काल बेहद अहम रहा है। न्याय व्यवस्था सुदृढ़ और पारदशी बनाए रखना उनका सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। अचानक उनका स्थानांतरण अंबेडकर नगर होने से मेजा बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं में मायूसी छाई रही। बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के अलावा नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी और मंत्री मनोज शुक्ला ने उनका विधिवत स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए भावभीनी विदाई किया है। इस मौके वरिष्ठ कृष्णकांत त्रिपाठी, आशुतोष पांडेय (राजू पांडेय) तथा वरिष्ठ अधिवक्ता हीरालाल मिश्र (मधुप) आदि के अलावा कई अन्य अधिवक्ता प्रमुख रूप से विदाई कार्यक्रम में शामिल रहे।

# पूर्व मंत्री के समधी के घर लाखो की चोरी, दरोगा ने ललकारा तो बदमाशों ने तान दिया तमंचा

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** इलाके में मंगलवार की रात बदमाशों ने जो दुस्साहस दिखाया, उसने पुलिसिया इकबाल की धज्जियां उड़ा कर रख दी हैं। पूर्व मंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता बाबूलाल भंवरा के समधी कमला शंकर सरोज के घर में हथियारबंद बदमाशों ने न सिर्फ चोरी की, बल्कि टोकने पर पड़ोसियों की छाती पर तमंचा तानकर फिल्मी अंदाज में फरार हो गए। ?कमला शंकर सरोज अपने पिपूवर्ती के निधन के कारण परिवार समेत गांव गए हुए थे। हवेलिया स्थित उनका मकान सूना था। इसी का फायदा उठाकर मंगलवार रात करीब 1 बजे बेखौफ बदमाशों ने धावा बोला। मुख्य गेट का ताला तोड़ बदमाश घर के अंदर अलमारियों को खंगाल रहे थे तभी पड़ोस में रहने वाले एक दरोगा (जो लखनऊ में तैनात हैं) ड्यूटी से लौटे। घर में आहट सुनकर उन्हें शक हुआ। उन्होंने अपने परिजनों को बुलाया तो बदमाशों ने खुद को घिरता देख भागना शुरू किया। जब लोगों ने उन्हें दबोचने की कोशिश की, तो एक बदमाश ने पीछे मुड़कर तमंचा तान दिया। तमंचा देख लोग ठिठक गए और शातिर बदमाश करीब 18 लाख का माल समेटकर रफूचक्कर हो गए। बदमाश इतने शातिर थे कि उन्होंने पड़ोस में रहने वाले के घर के गेट पर बाहर से ताला लगा किया था ताकि कोई बाहर न आ सके।

**पुलिस की सुस्ती पर भड़के पूर्व मंत्री :** रात में ही पीड़ित परिवार लौटा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। 2.26 लाख कैश, 6.5 लाख का सोना और 9 लाख की चांदी गायब थी। हद तो तब हो गई जब रात भर पुलिस सिर्फ औपचारिकता निभाती रही। सुबह तक न डॉग स्क्वाड पहुँचा न फॉरेंसिक टीम न ही थाने का कोई दरोगा सिपाही इस लापरवाही पर पूर्व मंत्री बाबूलाल भंवरा का पारा चढ़ गया। उन्होंने सीधे पुलिस कमिश्नर को फोन घुमाया और पुलिस की कार्यप्रणाली को आड़े हाथों लिया। लोगों ने बताया कि 10 दिन पहले हवेलिया में ही एक बड़ी चोरी हुई थी पर पुलिस ने शक्ति नहीं दिखाई जिसकी वजह से चोरों ने फिर घटना को अंजाम दिया।

## नैनी पुलिस ने 24 घंटे में चोरी का खुलासा, दो अभियुक्त गिरफ्तार



**नैनी।** नैनी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नकबजनी के एक मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी भी बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगोत्री नगर निवासी शैरी सालोमन के घर से अज्ञात चोरों द्वारा स्कूटी चोरी किए जाने की शिकायत पर 13 अप्रैल 2026 को मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आकाश सिंह और सनी केसरवानी को नवप्रयागम पार्किंग क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने स्कूटी चोरी की बात स्वीकार की है। पुलिस ने बरामद स्कूटी को कब्जे में लेकर आरोपियों के विरुद्ध विधिक कारर्वाई शुरू कर दी है।

# स्कूल चलो रैली से नामांकन बढ़ाने का आह्वान बच्चों ने लगाए जागरूकता के नारे

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** नगर क्षेत्र में ह्यस्कूल चलो अभियानह्ल के तहत बुधवार को ब्लॉक स्तरीय रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा सिंह के निर्देशन में किया गया। रैली को राजकीय बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें नगर के परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आदर्श सीपीआई विद्यालय, राजकीय बालिका विद्यालय और डीपी गर्ल्स इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली मेडिकल चौराहे तक निकाली गई, जहां पूरे मार्ग में बच्चों ने ह्यआधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगेह्ल, ह्यमम्मी-पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओह्ल और ह्यशिक्षा पर सबका अधिकारह्ल जैसे नारे लगाए। राहगीर भी रैली को देखकर रुकते नजर आए और कई लोगों ने इसे मोबाइल में कैद किया। इस दौरान एक प्रचार वाहन के माध्यम से भी लोगों को बच्चों के नामांकन के लिए जागरूक किया गया। रैली के सफल आयोजन में महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष अनुरागिनी सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रैली के बाद बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। इसमें घर-घर सर्वे के आधार पर बच्चों का नामांकन बढ़ाने, आंगनबाड़ी केंद्रों से समन्वय स्थापित करने और विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने अतिथि प्रधानाचार्य नीलम मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया। आयोजन बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से सम्पन्न हुआ।

# मेजा ऊर्जा निगम में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस का हुआ भव्य आयोजन

अखंड भारत संदेश

निगम के प्रचालन व अनुरक्षण विभाग के महाप्रबंधक एवं मुख्य अतिथि नरेंद्र नाथ सिन्हा ने अग्निशमन सेवा शहीदों को श्रद्धांजलि देकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ



**मेजा।** प्रयागराज के मेजा तहसील के कोहडार में स्थित मेजा ऊर्जा निगम में बीते 14 अप्रैल को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन शाखा द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया क कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेजा ऊर्जा निगम के महाप्रबंधक (प्रचालन व अनुरक्षण) नरेंद्र नाथ सिन्हा के द्वारा अग्निशमन सेवा के शहीदों को श्रद्धांजलि देकर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग) पंकज कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक(अनुरक्षण) अशोक कुमार सामल के अलावा सीआईएसएफ के अधिकारी और जवान प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अग्नि सुरक्षा से संबंधित पत्रिका का भी अनावरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीआईएसएफ के अग्निशमन शाखा प्रभारी निरीक्षक मदन कुमार मुंडा के द्वारा किया गया। अग्निशमन शाखा प्रभारी ने बताया कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सप्ताह भर चलने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान मेजा ऊर्जा निगम के कमर्चारियों, संविदा कमियों, स्कूली बच्चों के अलावा महिलाओं के लिए भी अग्नि सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा क कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन सीआईएसएफ के इकाई प्रभारी राम अनुग्रह शुक्ला ने किया।

# अभ्युदय विद्यालय का लोकार्पण, आधुनिक सुविधाओं से लैस स्कूल छात्रों को समर्पित

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** नगर निगम, स्मार्ट सिटी और बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से तैयार अभ्युदय विद्यालय श्रृंखला के तहत बुधवार को आदर्श संविलियन विद्यालय सीपीआई का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने विद्यालय का उद्घाटन किया। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद शिलापट्ट का अनावरण कर विद्यालय को औपचारिक रूप से विद्यार्थियों को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सहित क्षेत्र के पार्षद और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बनाया। अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों और स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) अध्यक्ष को भी सम्मानित किया गया। एक दिव्यांग छात्रा की प्रस्तुति को विशेष सराहना मिली। अपने संबोधन में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने संयुक्त प्रयासों के लिए नगर निगम और जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। महापौर ने अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन बेसिक विद्यालयों में कराने की अपील करते हुए कहा कि यहां प्रशिक्षित शिक्षक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने भविष्य में भी शिक्षा विभाग को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने विद्यालय के कक्षों, कंप्यूटर रूम, प्रयोगशाला और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# पीएचसी-सीएचसी में बायोमैट्रिक के माध्यम से चिकित्सकों व अन्य स्टॉफ की उपस्थिति कराई जाए सुनिश्चित : डीएम

अखंड भारत संदेश

**जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक निष्क्रिय आशाओं को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश**

**ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले कार्य में शिथिलता बरतने वाले सी.एच.ओ. के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि एक सप्ताह के अन्दर जनपद के सभी सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों व अन्य स्टॉफ की उपस्थिति बायोमैट्रिक के माध्यम से सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लाभार्थियों एवं आशाओं के भुगतान में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से विगत माह में मातृ एवं शिशु मृत्यु के कारणों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रसव केन्द्रों से सम्बन्धित सभी स्टॉफ नर्स एवं ए.एन.एम. को समुचित प्रशिक्षण दिलाई जाए जिलाधिकारी ने सी.एच.ओ. के कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले/कार्य में शिथिलता बरतने वाले सी.एच.ओ. के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उन्होंने आभा आई.डी. के कार्य में प्रगति लाने एवं एम.सी.पी.कार्ड पूर्ण रूप से भरे जाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ययोजना बनाकर लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्य में तेजी से प्रगति सुनिश्चित की जाय। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि सैम बच्चों को चिन्हित कराकर, उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्र में भती कराई जाए।जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों/गतिविधियों को सम्पादित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जनपद में 09 निष्क्रिय आशाओं को चिन्हित किया गया है,जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियां को निर्देशित किया कि इन आशाओं को हटाने की कार्यवाही की जाए तथा इनके स्थान पर नई आशाओं के चयन की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार एवं सी.एम.एस. डॉ. सुनील शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## राज्य मिशन निदेशालय की टीम ने नगर निकाय का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा



**कौशांबी** राज्य मिशन निदेशालय की टीम ने बुधवार को जिले की सभी नगर पंचायत और नगर पालिका का भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया है स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 26 फील्ड असेसमेंट दिनांक 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया गया है इसी सर्वेक्षण के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार विभिन्न मानकों के आधार पर नगरीय निकायों की रैंकिंग निर्धारित की जाएगी इसी क्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 26 के दृष्टिगत गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग एवं ओएफडी प्रमाणीकरण प्राप्त करने तथा उसमें अपेक्षित सुधार सुनिश्चित किए जाने हेतु राज्य मिशन निदेशालय स्तर से सहायक निदेशक मोहम्मद असलम अंसारी एवं मंडल प्रबंधक आशीष गोस्वामी मंडल कार्यक्रम प्रबंधक अनमोल रतन सिंह द्वारा नगर पालिका परिषद मंझनपुर का भ्रमण किया गया इसके बाद जिले के अन्य समस्त नगर निकायों में शासन की टीम ने भ्रमण किया इस दौरान टीम ने विभिन्न नगर निकायों का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों कमर्चारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए शासन से आए अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से कचरा प्रबंधन स्वच्छता व्यवस्था ओडीएफ की स्थिति जन सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया ताकि जनपद के सभी निकाय स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर सके इस मौके पर कौशांबी के समस्त नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मंझनपुर नगर पालिका परिषद के लेखा लिपिक संजय कुमार गुप्ता अवर अभियंता ओंकार नाथ सिंह पटेल जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजन चौबे जिओ स्टेट से अरुण सिंह एवं रोहित निर्मल सूर्य प्रकाश सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## दवा लेने गई महिला की सड़क हादसे में मौत, बाइक सवार घायल

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र की एक महिला अपने पड़ोसी युवक के साथ बाइक से दवा लेने राज हॉस्पिटल गई थी लेकिन रास्ते में रामनाथ डिग्री कॉलेज के पास बाइक सवार सड़क हादसे के शिकार हो गए हैं जिससे महिला की दर्दनाक मौत हो गई है और साथ में मौजूद युवक घायल हो गया है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे दुर्घटना की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है जानकारी के मुताबिक कमला देवी उम्र 50 वर्ष पत्नी महेश निवासी हुसैनपुर पावन थाना पूरामुफ़्ती अपने पडोसी विपिन उम्र 22 वर्ष पुत्र संतलाल के साथ बुधवार को बाइक से दवा लेने राज हॉस्पिटल आई थी पिपरी थाना क्षेत्र के रामनाथ डिग्री कालेज के समीप तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिर पड़े हादसे में महिला कमला देवी की दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाइक चालक विपिन घायल हो गया।सूचना पर पहुंची चायल चौकी पुलिस ने एम्बुलेंस से दोनों को सीएचसी चायल ले गए,जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बन्द बक्से में हाईवे किनारे झाड़ियों में मिली लाश



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चकिया ग्राम सभा के पास बुधवार की देर शाम हाइवे के किनारे झाड़ियों में बंद बक्से में एक लाश मिली है बक्से में लाश मिलने की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और पुलिस ने बक्शा जब खोल कर देखा तो उसके अंदर रक्तरंजित महिला की लाश मिली है मामले की सूचना फॉरेंसिक टीम और पुलिस अधिकारियों को थाना पुलिस ने दे दी है लाश की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आशंका जताई जा रही है किसी ने हत्या करने के बाद लाश को बक्से में बंद करके झाड़ियों में फेंक दिया है आशंका है कि बक्से के अंदर महिला की लाश है कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद बक्से में लाश बंद करके फेंकने वाले अपराधी कौन हैं यह बड़ा सवाल खड़ा है।

## चोरी का वांछित अभियुक्त तमंचा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार

**महेवा घाट कौशांबी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में 13 फरवरी 2026 की रात को धरमपाल पुत्र स्व0 झल्लर निवासी फताहीपुर के घर में घुसे चोर कमरे का ताला तोड़कर नगदी एवं जेवर चोरी कर ले गये थाना पर मु0अ0सं0 29/2026 धारा 331(2)/305ए बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में पश्चिम शरीरा थाना पुलिस ने आस-पास के लोगो से पूछताछ, सर्विलांस एवं सीसीटीवी के माध्यम से साक्ष्य संकलित करते हुए दिनांक 15.04.2026 को मुकदमा से सम्बन्धित प्रकाश में आए अभियुक्त शिवबली उर्फ रामबली पुत्र राज कुमार निवासी मनकुंवर थाना मऊ जनपद चित्रकूट को मछौली नहर रोड़ से गिरफ्तार किया अभियुक्त की जमा तलाशी पर कब्जे से 01 देशी तमंचा 315 बोर व 01 कारतूस 315 बोर बरामद हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया कड़ाई से पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि अपने एक साथी के साथ मिलकर चोरी किये थे जिससे मिले सामान को बेचकर प्राप्त रूपये को आपस में बांट लिये थे। मेरे हस्से मे मिले रुपयों मे से 220 रूपये बचे है शेष खर्च हो गये हैं।

## एसडीएम सिराथू ने भूमि विवाद की शिकायतों का कराया निस्तारण

**सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराकर कराया गया अतिक्रमण मुक्त**



**कौशांबी।** उप जिलाधिकारी,सिराथू योगेश कुमार गौड़ ने ह्लटॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधानह्व अभियान के अंतर्गत आज ग्राम कन्थुआ में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया उप जिलाधिकारी की उपस्थिति में कुल 05 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जिसमें 04 शिकायतें सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे से सम्बन्धित थी। ग्राम की गाटा संख्या-424 नवीन परती,गाटा संख्या-358 बंजर, गाटा संख्या-361 तालाब एवं गाटा संख्या-59(क) बंजर खाते की भूमि है, जिस पर हुए अवैध कब्जों को मौके पर ही ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराकर समस्या का निस्तारण किया गया। अस्थाई निर्माण-बाउण्ड्रीवाल व टीनशेड डालकर अवैध कब्जा किया गया था, जिसे अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसके साथ ही अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई। कैम्प में आमजन को भूमि विवाद से बचने एवं कोर्ट से भूमि विवाद निपटाने की प्रक्रिया की भी जानकारी दिया गया।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदन शीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## उप जिलाधिकारी चायल ने ग्राम पेरई में भूमि विवाद की 04 शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण



**कौशाम्बी** उप जिलाधिकारी चायल अरुण कुमार ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पेरई में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया। उप जिलाधिकारी ने कुल 04 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया। ग्राम की आराजी संख्या-342, जो खतौनी में अंबेडकर पार्क के नाम पर दर्ज है, इसे चिन्हित कर ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया गया। इसी प्रकार आराजी संख्या 274 एवं 285 भूमिधरी भूमि पर सीमांकन को लेकर विवाद था,जिसे चिन्हित कराकर समस्या का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। आराजी संख्या 363 के सीमांकन विवाद में राजस्व टीम द्वारा दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर प्रकरण का निस्तारण कराया गया उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## भवंस मेहता विद्याश्रम के अहम कुशवाहा बने 98.2 प्रतिशत के साथ स्कूल टॉपर

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी।** सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 के दिनांक 15 अप्रैल 2026 को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में भवंस मेहता विद्याश्रम, भरवारी ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। विद्यालय के छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर न केवल अपने स्कूल बल्कि अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य बलैया गंगाराबोइना ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र अहम कुशवाहा ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे विद्यालय में हर्ष का माहौल है।इसी क्रम में रौनक केशरवानी ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा रचित केशरवानी ने 94.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया विद्यालय के अनेक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इनमें प्रमुख रूप से उत्कर्ष केशरवानी 93.6 प्रतिशत श्रेयांश सिंह 93 प्रतिशत तान्या विद्याथी 92.8 प्रतिशत,आयुषी सिंह 92.6 प्रतिशत एंजेलिना आर सिंह 92 प्रतिशत, उज्ज्वल कुमार एवं सत्यप्रकाश 91.8 प्रतिशत युग मिश्रा 91.6 प्रतिशत तथा शौर्य केशरवानी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है शामिल हैं। निदेशक संदीप सक्सेना ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।प्रधानाचार्य बलैया गंगाराबोइना, उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह, कॉर्डिनेटर नसीम अंसारी, शिक्षक अवधेश मिश्रा, सुशील श्रीवास्तव तथा नागेंद्र द्विवेदी सहित समस्त अध्यापकों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रधानाचार्य ने समस्त छात्रों को बधाई देते हुए समस्त अध्यापकों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 2026**




## भवन्स मेहता विद्याश्रम की छात्रा पुष्पांजलि केशरवानी बनी नेशनल टॉपर



**भरवारी कौशांबी** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि कक्षा 8 की छात्रा पुष्पांजलि केशरवानी ने ब्लूम साइंस ओलंपियाड में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में विद्यालय की अन्य छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें शादमा ने 5वीं नेशनल रैंक राधा यादव ने 6वीं नेशनल रैंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया।विद्यालय स्तर पर भी कई छात्रों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त किए,जिनमें दिव्यांश राज, सारा फातिमा,राज शेखर मौर्य, सौम्या केशरवानी आदि शामिल हैं।इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बलैया गंगारबोइना, उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह, कोऑर्डिनेटर नसीम अंसारी एवं सीनियर शिक्षक अवधेश मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को गोल्ड,सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए ब्लूम ओलंपियाड टीम द्वारा प्रधानाचार्य श्री बलैया गंगारबोइना को बेस्ट लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।साथ ही,परीक्षा के सफल आयोजन हेतु सीनियर शिक्षक अवधेश मिश्रा को भी ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक संदीप सक्सेना ने प्रधानाचार्य के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

## न्यूज झरोखा

### राजू सक्सेना पत्रकार का हाल जानने पहुंचे व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रांतीय महामंत्री



**कौशांबी** भरवारी कस्बे के मेहता रोड निवासी राजू सक्सेना पत्रकार के बीमारी की हालत पर उनका हाल-चाल लेने वाले लोगों का जमावड़ा प्रतिदिन उनके घरों पर लग रहा है बुधवार को जिला उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रांतीय मंत्री रमेश अग्रहरि एवं व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रवेश केशरवानी तथा बाबा राम देव पतंजलि के शिष्य एवं योग केन्द्र भरवारी के मुखिया बीरेंद्र केशरी के साथ उनकी पूरी टीम ने पत्रकार राजू सक्सेना को उनके आवास पर पहुंच कर यथाशीघ्र स्वस्थ होने की भगवान से कामना की इस मौके पर भरवारी योग केन्द्र के काफी सदस्य मौजूद रहे।

### भवंस मेहता महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत निकाली गई पदयात्रा




**भरवारी कौशांबी** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत दिनांक 15 अप्रैल को पदयात्रा निकाली गई। उसे पदयात्रा में महाविद्यालय के समस्त शिक्षिकाएं, शिक्षकगण छात्राएं एवं छात्र सम्मिलित हुए। तत्पश्चात नारी शक्ति के को बल देने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। नारी वंदन आयोजन के तहत महाविद्यालय में एक मानव श्रृंखला भी बनाई गई। नारी वंदन आयोजन के तहत कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्राओं की स्कूटी रैली की गई। नारी सशक्तिकरण थीम पर चित्रकला प्रदशनी आयोजित की गई। कुछ बच्चों ने सैंड आर्ट पर एक से खूबसूरत राष्टीय और सामाजिक विकास के चित्रों को उकेरा । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के छात्राओं ने 9 मिनट का एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। इसी कार्यक्रम के तहत नारी सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर रंगोली निर्माण की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस आयोजन की प्रभारी प्रोफेसर उमा जायसवाल ने अपने संबोधन में छात्र छात्राओं को देश हित में आगे बढ़कर सामाजिक कार्यों से जुड़ने की बात की अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने नारी शक्ति को नमन करते हुए नारियों के उत्थान के लिए किए जा रहे सरकारी अभियानों की चर्चा की तथा भविष्य में नर नारी समानता पर आधारित समरस समाज की परिकल्पना को यथार्थ रूप देने की बात कही। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर रूबी चौधरी,प्रोफेसर विवेक कुमार त्रिपाठी,प्रोफेसर योगेश मिश्रा, प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, प्रोफेसर विमलेश कुमार सिंह, प्रोफेसर श्वेता यादव, डॉ. नीति मिश्रा, डॉ मोहम्मद आदिल डॉ सीपी. श्रीवास्तव, डॉक्टर राहुल रॉय डॉक्टर धर्मेंद्र अग्रहरी, डॉक्टर महेंद्र उपाध्याय, डॉक्टर दीपक कुमार, डॉक्टर संजू डॉक्टर और डॉक्टर मनीष तथा समस्त शिक्षणेत्तर कमर्चारी उपस्थित रहे।

### एसपी ने की जनसुनवाई फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं समाधान हेतु दिए निर्देश



**कौशाम्बी** पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा दिनांक 15. 04. 2026 को आम जन मानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्राथर्ना पत्र प्रस्तुत किए, जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया।मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए।

### एएसपी ने किया थाना चरवा का अद्धर्वार्षिक निरीक्षण



**कौशाम्बी** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा दिनांक 15/ 04/ 2026 को थाना चरवा का अद्धर्वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर कार्यालय अभिलेख, मालखाना शस्त्रागार, हवालात, बैरक, मेस एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया गया निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण,लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अपराध नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता बरतने एवं मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर की साफ-सफाई,अभिलेखों के रख-रखाव एवं अनुशासन व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर बल दिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करने हेतु निर्देशित किया गया।

### बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के उपलक्ष पर एएसएमसी में हुआ कार्यक्रम



**कौशांबी** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशांबी में दिनांक 14 अप्रैल 2026 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वी जयंती बड़े ही श्रद्धा,गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महा विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वरिष्ठ चिकित्सकगण, शिक्षण संकाय,नर्सिंग स्टाफ,एवं अन्य कमर्चारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को स्मरण किया। इसके उपरांत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व वक्ताओं ने डॉ.आंबेडकर के जीवन,उनके संघषर्पूर्ण सफर तथा सामाजिक, शैक्षिक एवं संवैधानिक क्षेत्रों में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसी के साथ रक्त केंद्र द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें डॉ0 विश्व प्रकाश द्वारा एवं अन्य के द्वारा रक्तदान किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा यह भी संकल्प लिया गया कि संस्था में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता, समान अवसर एवं मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, सभी को यह संदेश दिया गया कि वे डॉ. आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर समाज में समरसता, समानता एवं भाईचारे को सुदृढ़ करने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर,डा0 ए0के0सिंह,डा नरेन्द्र कुमार,डा0 संजीव सिंह, डा0 आर0के0निर्मल, डा0 सौरभ सिंह, डा0 डी0आर0सिंह एवं अन्य संकाय सदस्य व चिकित्साधिकारी तथा महाविद्यालय में कार्यरत सीनियर रेजीडेण्ट,जूनियर रेजीडेण्ट एवं कमर्चारी, इन्टर्न उपस्थित रहें।

# सम्पादकीय

## इस्लामाबाद वार्ता से निकला संदेश

**पिछले** 28 फरवरी से अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुई इस्लामाबाद वार्ता बेनतीजा खत्म हो गई। 21 घंटे की चर्चा के बावजूद ईरान और अमेरिका में आपसी सहमति नहीं बन पाई तो अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने लाव-लश्कर के साथ अमेरिका वापस लौट गए और जाते-जाते कह गए कि यह ईरान के लिए बुरी खबर है कि कोई समझौता नहीं हुआ। लेकिन जो ईरान 28 फरवरी को अपने सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई की शहादत से लेकर मिनाब में डेढ़ सौ बच्चियों की जान जाने तक कई बुरी खबरों को झेलकर भी अपनी शर्तों पर टिका हुआ है, उसे अमेरिका भला एक वार्ता के विफल होने से क्या हिला पाएगा। असल में तो इस्लामाबाद वार्ता की असफलता अमेरिका के लिए बुरी खबर है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य की चाबी अब भी ईरान के हाथ में ही है और इससे भी बढ़कर उसके पास सिर न झुकाने का जो जज्बा है, वो ट्रंप जैसे नेताओं के पास नहीं है। ट्रंप नेतन्याहू की मर्जी से युद्ध छेड़ते हैं और समझौता भी नहीं कर पाते, क्योंकि नेतन्याहू ऐसा नहीं चाहते।

बीते दिनों न्यूयार्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें बताया गया कि बेंजामिन नेतन्याहू 11 फरवरी को अमेरिका में थे, जहां उन्होंने ट्रंप के सामने एक पूरी रणनीति बताई थी कि ईरान पर हमला करना चाहिए, क्योंकि वह अभी कमजोर है। इससे ईरान में सत्ता बदली जा सकती है और उसके संसाधनों पर कब्जा भी किया जा सकता है। नेतन्याहू ऐसे ही प्रस्ताव पहले बराक ओबामा, जो बाइडेन और जार्ज बुश को भी दे चुके थे, लेकिन इन तीनों राष्ट्रपतियों ने अपने कार्यकाल में ऐसा कोई फैसला नहीं लिया। यह खुलासा पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने हाल ही में किया है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप नेतन्याहू की बात मानने को मजबूर हो गए। क्या इसके पीछे एपस्टीन फाइल्स के खुलासे हैं, इस सवाल का जवाब अभी मिलना बाकी है। बहरहाल, यह वार्ता बेनतीजा रही, क्योंकि एक तरफ इजरायल लेबनान पर अपने हमले नहीं रोक रहा था, जबकि ईरान की 10 शर्तों में यह एक अहम शर्त थी कि लेबनान पर हमले रुकने चाहिए। दूसरी तरफ अमेरिका ने भी अपने रुख में इंच भर का बदलाव नहीं दिखाया। गौरतलब है कि दोनों पक्षों के बीच 5 अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें होर्मुज जलडमरूमध्य, परमाणु कार्यक्रम, युद्ध की भरपाई, ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना और ईरान के खिलाफ तथा पूरे क्षेत्र में चल रहे युद्ध को पूरी तरह खत्म करने जैसे विषय शामिल रहे। लेकिन इन मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। अमेरिका न ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने के लिए तैयार हुआ, न उसने होर्मुज पर अपना रुख साफ किया। दरअसल पिछले दस दिनों में ही ट्रम्प दो बिल्कुल अलग-अलग बातें कह चुके हैं। पहले उन्होंने कहा था कि होर्मुज में अमेरिका की कोई खास दिलचस्पी नहीं है, अमेरिका को वहां से गुजरने वाले तेल की जरूरत नहीं है। फिर कुछ ही दिनों बाद उन्होंने कहा कि यह अमेरिका की मांगों का सबसे जरूरी हिस्सा है, और अगर इसे खुला नहीं रखा गया तो कोई बातचीत नहीं हो सकती।

# सूरों की आशा बनकर गूंजती रहेगी आशा भोसले

-ललित गर्ग-




**भारतीय** संगीत का आकाश आज कुछ अधिक मौन, कुछ अधिक रिक्त प्रतीत होता है। स्वर की वह चंचल चिड़िया, जन-जन को चमत्कृत करने वाली आवाज जिसने दशकों तक हर हृदय में मधुरता के बीज बोए, आज भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच न हो, पर उसकी गूंज अनंत में विलीन होकर भी अमर बनी हुई है। आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, वे भारतीय आत्मा की वह स्वर-लहरी थीं, जो हर संस्कृति, हर भावना और हर युग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही। वे एक बेमिसाल गायिका, अनगिनत लोगों की आशा एवं अभिलाषा की करिश्माई आवाज बनकर करीब 12000 गीतों का सृजन कर विश्व रिकार्ड बनाया। हृदयाघात के कारण उनका जाना केवल एक कलाकार का जाना नहीं, बल्कि भारतीय संवेदना के एक पूरे युग का अवसान है, परंतु यह अवसान भी किसी अंत का नहीं, बल्कि उस अमरत्व का संकेत है जहाँ कलाकार अपने शरीर से परे होकर अपनी कृति में जीवित रहता है। ह्लअभी न जाओ छोड़ करह्व जैसे गीत आज करोड़ों हृदयों की सच्ची पुकार बन गए हैं। जिनकी आवाज ने विरह को भी मधुर बना दिया, आज उन्हीं के बिछोह में संसार भाव-विह्वल है। आशा जी की आवाज में एक अद्भुत जीवंतता थी, वह कभी किशोरी की चंचलता बन जाती तो कभी विरहिणी की करुण पुकार। उनके गीतों में जीवन की सम्पूर्णता समाहित थी-हंसी, आंसू, प्रेम, पीड़ा, श्रृंगार और भक्ति का ऐसा समन्वय जो दुर्लभ है। यही कारण है कि उनकी गूंज केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि विश्व के अनेक देशों में लोग उनके गीतों को गुनगुनाते रहे। यदि भारतीय संगीत को एक महासागर माना जाए तो आशा भोसले उसमें बहती वह नदी थीं, जिसने हर शैली को अपने भीतर समेट लिया। क्लासिकल से लेकर पॉप, जैज से लेकर गजल और कव्वाली तक, उन्होंने हर विधा में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। यह मानना कठिन है कि एक ही स्वर इतनी विविधताओं को इतनी सहजता से व्यक्त कर सकता है, पर आशाजी ने इसे संभव कर दिखाया। वे केवल गाती नहीं थीं, वे हर गीत को जीती थीं और यही कारण है कि उनके गीत केवल ध्वनि नहीं बल्कि अनुभूति बन जाते थे।

8 सितंबर 1933 को जन्मी आशाजी ने संगीत को साधना के रूप में जिया। लता मंगेशकर जैसी विराट प्रतिभा की छाया में अपनी अलग पहचान बनाना सरल नहीं था। अनेक प्रतिभाएँ उस छाया में दबकर गुमनामी में खो गईं, पर आशाजी ने संघर्ष को अपनी शक्ति बनाया। पिता दीनानाथ मंगेशकर से मिली संगीत की विरासत को उन्होंने अपने परिश्रम और साहस से विस्तार दिया। निजी जीवन के उतार-चढ़ाव, सामाजिक दबाव और प्रतिस्पर्धा के बीच भी उन्होंने अपने स्वर की लौ को कभी मंद नहीं होने दिया। ओ.पी. नैयर जैसे संगीतकारों के साथ उनका जुड़ाव उनके करियर का निर्णायक मोड़ बना और उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी उपलब्धियाँ केवल लोकप्रियता तक सीमित नहीं रहीं। ग्रेमी अवार्ड से सम्मानित होना, पद्म विभूषण प्राप्त करना और गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में सर्वाधिक गीत गाने का रिकॉर्ड दर्ज कराना, यह सब उनकी दीर्घ साधना और असाधारण प्रतिभा के प्रमाण हैं। परंतु इन सबसे बढ़कर उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि वह प्रेम है, जो उन्हें श्रोताओं से मिला और जो आज भी उनके गीतों के माध्यम से जीवित है।

आशा जी के गीतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समय की सीमाओं को लांघ जाते हैं। ह्लपिया तू अब तो आजाह्व, ह्लदम मारो दमह्व, ह्लचुरा लिया है तुमनेह्व, ह्लदिल चीज क्या हैह्व जैसे अनगिनत गीत आज भी उतने ही ताजगी भरे लगते हैं जितने अपने समय में थे। उनके गीतों में केवल संगीत नहीं, बल्कि एक जीवंत आत्मा थी, जो हर शब्द को अर्थपूर्ण बना देती थी और उसे कालजयी बना देती थी। संगीत उनके लिए केवल कला नहीं, जीवन का श्वास था। जैसे बिना सांस के जीवन असंभव है, वैसे ही बिना संगीत के जीवन नीरस और अर्थहीन हो जाता है। उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा का पोषण है। उनके हर गीत में कहीं न कहीं ईश्वर की स्तुति, जीवन की सार्थकता और भावनाओं की पवित्रता का स्पर्श मिलता है।

आज जब हम उन्हें स्मरण करते हैं, तो यह अनुभव होता है कि उनका जाना केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि एक युग का समापन है। मो. रफी, मुकेश और किशोर कुमार के बाद आशा भोसले का जाना भारतीय संगीत की उस स्वर्णिम परंपरा के एक और दीप का बुझना है, जिसने इस देश की आत्मा को सुरों में पिरोया था। फिर भी यह भी उतना ही सत्य है कि ऐसे कलाकार कभी समाप्त नहीं होते, वे अपनी कृतियों में जीवित रहते हैं, अपने स्वरों में सांस लेते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों के हृदय में गूंजते रहते हैं। मोहन भागवत द्वारा व्यक्त श्रद्धांजलि इस सत्य को और गहराई देती है कि आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना की प्रतीक थीं। उनका योगदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से भारतीयता, संवेदनशीलता और जीवन के उत्सव को अभिव्यक्त किया। उनका जाना निस्संदेह एक अपूरणीय क्षति है, पर उनकी आवाज, उनकी लय, उनकी जीवंतता और उनकी आत्मा इस देश की माटी में सदैव गूंजती रहेगी। यही उनकी सच्ची अमरता है और यही हमारे लिए उनकी सबसे बड़ी विरासत है।

आशा भोसले का व्यक्तिगत जीवन जितना संघर्षमय रहा, उतना ही अदम्य साहस, जीवटता और आत्मविश्वास से भरा हुआ भी था। एक संगीत-साधक परिवार में जन्म लेकर उन्होंने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया, परंतु हर चुनौती को उन्होंने अपनी शक्ति में रूपांतरित किया। लता मंगेशकर जैसी विराट विभूति की छाया में रहते हुए भी अपनी स्वतंत्र पहचान बनाना उनके असाधारण व्यक्तित्व का प्रमाण है। निजी जीवन के उतार-चढ़ाव, सामाजिक आलोचनाओं और पारिवारिक जटिलताओं के बीच उन्होंने कभी अपने आत्मबल को क्षीण नहीं होने दिया। उनकी जिंदादिली, बेबाकी, हाजिरजवाबी और जीवन के प्रति उत्सवधर्मी दृष्टिकोण उन्हें केवल एक कलाकार नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रेरणा बनाते हैं। वे हर परिस्थिति में मुस्कराते हुए आगे बढ़ने की उस दुर्लभ कला की प्रतीक थीं, जो साधारण मनुष्यों को असाधारण बना देती है। आशाजी की प्रतिभा को तीन मुख्य संगीतकारों ने निखारा एवं संवारा, जिनमें ओ.पी.नैय्यर, रवि और आर.डी. बर्मन मुख्य है। उनका एक गीत मेरा कुछ सामान तुम्हारे पास पड़ा है, बहुत ही लोकप्रिय है, इसके लिये उन्हें नेशनल अवार्ड मिला था।

आशा भोसले की आवाज में केवल स्वर नहीं, बल्कि एक दिव्य स्पंदन, एक अदृश्य करिश्मा और साधना की सिद्धि निहित थी। वह स्वर कभी श्रृंगार की मधुरता बनकर मन को मोह लेता, तो कभी विरह की वेदना बनकर आत्मा को छू जाता। उन्होंने अपने गायन के माध्यम से भारतीय संगीत को केवल सरस और मनोरंजक ही नहीं, बल्कि अर्थपूर्ण, भावपूर्ण, आध्यात्मिक और प्रेरणादायी बनाया। उनके गीतों में जीवन का दर्शन, संवेदना की गहराई और आत्मिक स्पर्श एक साथ विद्यमान रहता था। उन्होंने हर शब्द में प्राण फूँककर उसे कालजयी बना दिया, जिससे संगीत केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि जीने का अनुभव बन गया।

वास्तव में, आशा भोंसले वह अनंत स्वर-धारा थीं, जिन्होंने भारतीय संगीत को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाकर उसे वैश्विक चेतना में प्रतिष्ठित किया और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत बना दिया।

# नेहरू से मनमोहन सिंह तक एक ही विदेश नीति हम नहीं देश बड़ा!

शकील अख्तर

**बड़े** नेताओं का यह आत्मविश्वास होता है। और वे यह मानते हैं नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक कि बड़ा होना खुद से नहीं है महान भारत के बड़े देश होने से है। यहां तो खुद को बड़ा मानते हैं। इसीलिए स्वकेन्द्रित विदेश नीति चला रहे थे। उसी का परिणाम है पाकिस्तान को बेवजह तवज्जो मिल जाना। भारत में ताकत है फिर 'पुनर्मुषको भव' करने की। समय आएगा।

देखिए कितना मजेदार इक्वेशन बन रहा है। एक तरफ इजराइल और अरब देशों के बीच कई जंग हो चुकी हैं। दोनों एक दूसरे की शक्ल भी देखना नहीं चाहते। मगर दोनों ईरान को बरबाद होता देखना चाहते हैं। अमेरिका पर दोनों का दबाव है कि ईरान को खत्म कर दो।

लेकिन ईरान ने बता दिया कि यह ख्याली पुलाव हैं। पिछले डेढ़ महीने से वह जिस तरह अमेरिका और इजराइल से लड़ा युद्ध इतिहास में वह बहादुरी की नई मिसाल है। यह कुछ नेपोलियन बोनापार्ट की याद दिलाता है कि कहां है पहाड़ (आल्पस)? वैसे ही ईरान की बहादुर जनता और नेतृत्व कह रहा है कि कौन है अमेरिका और इजराइल? जनता जब शहादत पर उतर आए तो कोई उसे हरा नहीं सकता।

'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है
देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है!'

भारत की आजादी के लिए जनता ऐसे ही खड़ी हुई थी। और वह अंग्रेज सरकार जिसके राज में सूरज नहीं डूबता था उसे भारत छोड़कर भागना पड़ा। और उसके बाद हर जगह से ऐसी ही दुर्दशा हुई।



तत्काल बाद ही उसे स्वेज नहर पर दावा छोड़ना पड़ा। और वह मिस्त्र की नहर हो गई। उस समय इजराइल ब्रिटेन के साथ आया था। आज के होर्मुज स्ट्रेट (जलडमरूमध्य) की तरह उस समय स्वेज नहर तेल के जहाज लाने का मुख्य जलमार्ग था। 1956 की बात है नेहरू थे। अन्तरराष्ट्रीय नेता। उनके प्रयासों से वह संकट हल हुआ था। लेकिन इस समय हम नेहरू के अन्तरराष्ट्रीय रुतबे की बात करना नहीं चाह रहे। भक्तों, गोदी मीडिया और भाजपा के नेताओं को बहुत दुख होगा। नेहरू को ही तो छोटा बताने के लिए यह सब रात-दिन काम कर रहे हैं। बाकी तो विश्व में हमारी स्थिति नगण्य बना ही दी है।

बहरहाल बात हो रही थी कि जनता की बहादुरी की। तो हम बता रहे थे कि एक बार बहादुर जनता से मात खाने के बाद बड़ी से बड़ी विश्व शक्ति के भी हौसले टूट जाते हैं। भारत की जनता से हार कर ग्रेट ब्रिटेन इजराइल मिस्त्र से भी हारे थे। स्वेज नहर से ब्रिटेन के जहाज को टोल टैक्स देकर निकलना पड़ा था।

हार का असर यही होता है। ग्रेट ब्रिटेन भारत की जनता से हारने के बाद मिस्त्र से भी हारा। ईरान की जनता इस बात को बखूबी समझती है। इसलिए इतनी लंबी लड़ाई, इतने नुकसान के बाद भी वह अपने नेतृत्व से नहीं कह रही कि समझौता करो। निकलो इस से।

नहीं वह जानती है कि आज अमेरिका इजराइल की शर्तों पर समझौता उसे हमेशा के लिए वैसा ही गुलाम बना देगा जैसा बाकी अरब देश हैं। हम चाह नहीं रहे नेहरू का लिखना। दोस्तों को तकलीफ पहुंचती है। मगर क्या करें यह नेहरू हैं ही ऐसी चीज की सिर्फ भारत नहीं दुनिया के किसी भी उलझे हुए मुद्दे पर उनकी भूमिका याद आ जाती है। होना तो यह चाहिए था कि देश के सम्मान का ख्याल करके वर्तमान सरकार और उसके समर्थक नेहरू के महान रोल को और दुनिया के सामने पेश करते। लेकिन यहां कहानी उलटी है। नेहरू का कद छोटा करके समझते हैं कि उनका कद बढ़ा हो गया। काश ऐसा हो सकता! तो उनका कद बड़ा करने के लिए हम सब नेहरू के पीछे पड़ जाते। मगर दूसरे की लकीर छोटी करने से आप की लकीर की लंबाई बढ़ती नहीं है। वह उतनी ही रहती है। तो उस समय मिस्त्र में नेहरू के दोस्त अब्दुल नासिर राष्ट्रपति थे। उनके हौसले ने केवल मिस्त्र को नहीं सारे अरब देशों को एक बड़ी ताकत बना दिया था। मगर न नेहरू रहे, न नासिर और न ही मिस्त्र सहित वे अरब देश। आज अमेरिका के गुलाम बन गए हैं। इजराइल उन्हें मारता है। ईरान इजराइल से उन्हें बचाता है। मगर वे अपना नंबर एक दुश्मन ईरान को मानते हैं। और अमेरिका के थ्रू इजराइल की मदद करते हैं। सऊदी अरब युद्धविराम के खिलाफ था। वहां के शासक अमेरिका से डायरेक्ट और इजराइल से उसके माध्यम से कह रहे थे कि मिटा दो ईरान को। खतम कर दो। उसी के बाद प्रेसिडेन्ट ट्रंप ने यह राक्षसी धमकी दी थी कि ईरान की सभ्यता खतम कर देंगे। उसे पाषाण युग में पहुंचा देंगे। मगर फिर भी ईरान की जनता नहीं डरी, नहीं घबराई। अभी इस्लामाबाद में हुई बातचीत विफल है या दोनों पक्षों ने थोड़ा समय और लिया है कोई नहीं जानता।

# बंगाल का आखिरी पड़ाव : मछली की कहानी, लापता वोटर और दो राष्ट्रीय नेता

– टी एन अशोक



**एसआईआर** विवाद की सबसे अनोखी बात यह है कि यह हर वोटर को एक संभावित पीड़ित में बदल देता है। आपका नाम लिस्ट से हटा हो, यह जरूरी नहीं है– आपको बस इस बात की चिंता होनी चाहिए कि कहीं आपका नाम भी तो नहीं हटा दिया गया। एक तरफ, एक प्रधानमंत्री यह तर्क दे रहे हैं कि मछलियों की सप्लाई कम हो गई है और घुसपैठिए फल-फूल रहे हैं।

बंगाल के चुनावी मौसम में आपका स्वागत है, जहां चुनाव अभियान में राजनीति, प्रचार और सरसों के तेल में कुछ तलने की महक घुली हुई है। रिकॉर्ड के लिए यह दर्ज होना चाहिए कि भारत के सबसे महत्वपूर्ण राज्य चुनावों में से एक का भविष्य अब, कम से कम प्रतीकात्मक रूप से, एक साधारण 'रोहू' मछली पर टिका है - बेरोजगारी पर नहीं, उद्योगीकरण पर नहीं, और निश्चित रूप से उन 75,000 करोड़ रुपये की केंद्र सरकार की परियोजनाओं पर तो बिल्कुल नहीं, जो कथित तौर पर ममता बनर्जी के दफ्तर में धूल फांक रही हैं।

जैसे-जैसे 23 और 29 अप्रैल के मतदान के दिन नजदीक आ रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनावी अभियान के अंतिम चरण में दो ऐसे मंझे हुए पहलवानों की तरह उतरे हैं, जिन्होंने अचानक भोज को लेकर बहस करने का फैसला कर लिया हो। बयानबाजी जोरों पर है। आरोपों की बौछार हो रही है और कोलकाता के भीड़भाड़ वाले मछली बाजारों में कहीं, एक हैरान-परेशान मछली बेचने वाला सोच रहा है कि देश के सबसे शक्तिशाली राजनेता अचानक उसकी मछली में इतनी ज्यादा दिलचस्पी क्यों ले रहे हैं।

'15 सालों में, वे आपको मछली भी नहीं दे पाए,' मोदी ने हल्दिया में एक रैली में गरजते हुए कहा। यह एक ऐसी बात थी जो सुनने में तब तक बहुत असरदार लगती है, जब तक आप उसके पीछे के तर्क को समझने की कोशिश नहीं करते। इसके निहितार्थ– कि तृणमूल कांग्रेस के शासन में बंगाल में मछली की आपूर्ति कमजोर पड़ गई है– को उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी किसी अहम सूचना जैसी गंभीरता के साथ पेश किया। मोदी, जो एक ऐसी पार्टी का नेतृत्व करते हैं जो कभी-कभी भारत की बेहद विवादित 'बीफ बनाम ब्रिस्केट' (मांस खाने से जुड़ी) बहसों में गलत पक्ष पर खड़ी पाई गई है, के बयान से ऐसा लगा कि उन्हें खान-पान से जुड़ी एक नई एकजुटता मिल गई है। बनर्जी, जो किसी और को अपनी बातों में मसाला लगाने का मौका देकर आज इस मुकाम तक नहीं पहुंची हैं, ने इस बात को बिल्कुल भी स्वीकार नहीं किया। 'मछली तो हर बाजार में मिलती है,' उन्होंने उत्तरी 24 परगना में एक रैली में पलटकर जवाब दिया। उनके अंदाज से ऐसा लग रहा था, जैसे वह किसी बहुत ही सुस्त छात्र को कोई ऐसी बात समझा रही हों, जो अपने आप में ही सच हो।

महज अड़तालीस घंटों के अंदर, एक ऐसा चुनावी अभियान, जो अब तक विकास, कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक वैधता जैसे मुद्दों पर लड़ा जा रहा था, बड़ी ही चालाकी से एक कहीं ज्यादा गहरे और दिल को छूने वाले मुद्दे में बदल गया।

# जिलें मे सबसे बड़ी गांजा की बरामदगी

**सुल्तानपुर ।जिले** में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने करीब 15 क्विंटल 20 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया,जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है ।मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है ।कार्रवाई सुल्तानपुर-लखनऊ हाईवे पर खनिया पूर्व गांव के पास की गई,जहां पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रक को घेराबंदी कर रोका ।तलाशी के दौरान ट्रक से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। सीओ सिटी सौरभ सामंत ने बताया कि शुरूआती पूछताछ में सामने आया



है कि गांजा ओडिशा से लाया जा रहा था और लखनऊ में सप्लाई किया जाना था ।जांच में यह भी खुलासा हुआ कि शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश से बचने के लिए बंधुआ कला गांव से मजदूर बुलाकर गांजे को ट्रक से उतारकर पिकअप वाहन में शिफ्ट किया जा रहा था। इस काम में चार मजदूर लगाए गए थे और गांजा 50 बोरियों में पैक था ।पुलिस ने मौके से 14 टायर ट्रक, दो मोबाइल फोन और 4150 रुपये नकद भी बरामद किए हैं ।मुजफ्फरनगर के सिखेड़ा गांव निवासी नासिर पुत्र स्व.अली हसन और लखनऊ के मोहन रोड निवासी आर्य पुत्र स्व. जय नारायण के रूप में हुई है।

# सीतानगर मोहल्ला वासियों एवं सभासद गिरीश मिश्रा के सूझबूझ से टली बड़ी दुर्घटना

**सुलतानपुर । नगर** क्षेत्र के पयागीपुर गनपत सहाय पीजी कालेज के सामने वाली गली सीतानगर में अज्ञात कारणों वश लगी आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही समय में आग विद्युत केबलों एवं 33000 लाइन को जलाकर राख कर दिया मोहल्ला वासी आग पर काबू पाने के लिए सर्मसेबल से पानी डालते रहे पर आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू नहीं पाया जा सका आग पर काबू करने में जूझ रहे मोहल्ला वासियों ने पयागीपुर वार्ड के सभासद को सूचित किया तत्त पश्चात फायर



बिग्रेड पुलिस को इसकी सूचना दी सूचना पाते ही सभासद गिरीश मिश्रा फायर बिग्रेड पुलिस एवं अपनी टीम के साथ पहुंचकर आग पर काबू पाया जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया मोहल्ला वासियों ने इसके लिए सभासद फायर ब्रिगेड के कमीयों एवं इसमें जुड़े समस्त लोगों को धन्यवाद दिया एवं गर्मी के दिनों में सभी को ऐसी दुर्घटना न हो इसके लिए सतर्क रहने का आवाह्न भी किया।

# अमहट में टीएमटी चैम्प्स प्रतियोगी परीक्षा हुई आयोजित

**सुलतानपुर-मंगलवार** को तौहीदुल मुस्लमीन ट्रस्ट लखनऊ द्वारा संचालित कक्षा 4 से 11 तक के छात्र छात्राओं का चैम्प्स परीक्षा का आयोजन हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी ?शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुलतानपुर के नेतृत्व में हुसैनिया नव तामीर अमहट सुलतानपुर में किया गया। इस प्रतियोगी परीक्षा के लिए हैदर अब्बास खान को सुलतानपुर का परीक्षा इंचार्ज बनाया गया है। यह कार्यक्रम उनके कुशल नेतृत्व में 4 वर्ष से हो रहा है। उक्त परीक्षा में अफजाल हुसैन लखनऊ की तरफ से आब्जर्वर बनाकर भेजे गये थे ।इस प्रतियोगी परीक्षा में कुल?



150 छात्र छात्राओं ने आनलाइन फार्म भरा था ।जिसमें से 139 ने परीक्षा दिया ।उक्त परीक्षा को सफल बनाने में नकी अब्बास खान,हसन अली खान, कमर अब्बास खान, मौलाना आसिफ नकवी,फात्मा बेगम, अनकबूत जहरा, मंतशा बुतूल,जहीन फात्मा ने सराहनीय योगदान दिया। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को टैलेंटेड बनाना? उनकी खूबियों को उभारना और उन्हें जागरूक बनाना है।

## तानाशाही छोड़ो, तभी होगी बातचीत और डील



**अमेरिका**

**इस्लामाबाद** में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता विफल होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा कि किसी भी समझौते के लिए वाशिंगटन को अपना तानाशाही रवैया छोड़ना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि अमेरिका ईरान के अधिकारों का सम्मान करे और निष्पक्ष रुख अपनाए तो समझौता संभव है। पेजेश्कियन ने ईरान के रुख का प्रभावी ढंग से बचाव करने के लिए ईरानी वार्ता टीम की सराहना भी की। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि यदि अमेरिकी सरकार अपनी तानाशाही छोड़ दे और ईरानी राष्ट्र के अधिकारों का सम्मान करे, तो समझौते तक पहुँचने के रास्ते जरूर मिल जाएँगे। मैं वार्ता टीम के सदस्यों, विशेष रूप से अपने प्रिय भाई डॉ. कलीबाफ की प्रशंसा करता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वह आपको शक्ति प्रदान करें।

पाकिस्तान में तीन दौर की गहन युद्धविराम वार्ता के बाद, अमेरिका ने रविवार को कहा कि तेहरान ने वाशिंगटन के प्रस्ताव को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने वार्ता को काफी हद तक सकारात्मक बताया और कहा कि दोनों पक्षों ने रचनात्मक बातचीत की। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण मतभेद अभी भी अनसुलझे हैं। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम पिछले 21 घंटों से बातचीत कर रहे हैं और हमने ईरानियों के साथ कई महत्वपूर्ण चचाएँ की हैं। यह अच्छी खबर है। बुरी खबर यह है कि हम किसी समझौते पर नहीं पहुँच पाए हैं। मुझे लगता है कि यह अमेरिका के लिए बुरी खबर से कहीं ज्यादा ईरान के लिए बुरी खबर है। उन्होंने हमारी शर्तों को स्वीकार न करने का फैसला किया है। इन महत्वपूर्ण वाताओं के दौरान, संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान से यह स्पष्ट और बाध्यकारी आश्वासन देने को कहा कि वह परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा, जो एक समझौते पर पहुंचने में विवाद का एक प्रमुख कारण साबित हुआ।

सीधी सी बात यह है कि हमें ईरान से यह ठोस प्रतिबद्धता देखने की जरूरत है कि वे परमाणु हथियार नहीं बनाएंगे और न ही ऐसे उपकरण हासिल करेंगे जिनसे वे जल्दी से परमाणु हथियार बना सकें। यही अमेरिकी राष्ट्रपति का मूल लक्ष्य है।

# एस जयशंकर ने तेल सप्लाई पर किया बड़ा खेल, पाकिस्तान को फंसाया !

**यूएई**

**मिडिल** ईस्ट में तनाव के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर का अचानक यूएई पहुंचना एक बड़ी राजनीतिक घटना थी। इस दौरे की टाइमिंग को लेकर चर्चा गर्म है कि आखिर एस जय शंकर का दौरा तनाव के वक्त क्यों हुआ और इसके पीछे का कूटनीतिक संदेश क्या है? एस जयशंकर का संयुक्त अरब अमीरात पहुंचना सिर्फ एक दौरा नहीं बल्कि बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच भारत की बड़ी कूटनीतिक दांव माना जा रहा है। एस जयशंकर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस मुलाकात को एक खास सम्मान बताया है। उन्होंने पीएम मोदी की तरफ से यूएई नेतृत्व को शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के समय यूएई ने भारतीय लोगों को सुरक्षा और अच्छा ध्यान रखा है। उन्होंने यह भी कहा है कि भारत और यूएई के रिश्ते और मजबूत हो रहे हैं और इसे आगे बढ़ाने में यूएई की अहम भूमिका है। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब स्टेट ऑफ हॉर्मोनस में तनाव बढ़ने से दुनिया भर में तेल और गैस की सप्लाई पर असर पड़ रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव की वजह इस समुद्री रास्ते को जहाजों का आनाजाना प्रभावित हुआ है। जिससे ऊर्जा आपूर्ति में दिक्कतें आ रही हैं। इस समस्या को देखते हुए भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित रखने के लिए कई कदम उठाए हैं। पिछले कुछ हफ्तों में भारत ने तेल और गैस की सप्लाई को फिर से समान करने के लिए तेजी से काम किया है। इसके लिए भारत ने सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे बड़े तेल उत्पादकों देशों से सीधे बातचीत शुरू कर दी है। यानी एस जयशंकर देश में गैस और तेल की सप्लाई को बनाए रखने का ठोस रास्ता निकालने पहुंचे हैं। ताकि भारत की




ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सके। स्टेट ऑफ हॉर्मोस के बंद होने पर तेल और गैस की सप्लाई जारी रह सके। मुमकिन है कि भारत बब अल मंदेव स्ट्रीट के रास्ते गल्फ ऑफ अडन रूट से तेल और गैस की सप्लाई जारी रखने की कोशिश कर रहा है। उधर जयशंकर के दौरे के बीच ही यूएई में पाकिस्तान को लेकर गहरी नाराजगी देखी गई है। अब इसे इत्तेफाकी कहा जा रहा है कि जयशंकर का दौरा हुआ और उसी वक्त ईरान को लेकर पाकिस्तान की नरमी का जमकर विरोध शुरू हो गया। यूएई के इन्फ्लुएंसरर अमजद ताहा के बयान भी चर्चे में आ गए हैं। उन्होंने कहा है कि भारत एक मजबूत और भरोसेमंद देश है। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान पर आरोप लगाए हैं कि वह ईरान का समर्थन करता है और खाड़ी देशों के खिलाफ उसके रुख भी आलोचना नहीं करते।

उन्होंने यह भी कहा है कि पाकिस्तान की नीतियां भरोसेमंद बिल्कुल भी नहीं है और यह वो केवल अपने फायदे के लिए ही काम करता है। वहीं दूसरी तरफ उन्होंने यूएई की नीति की तारीफ की है और कहा है कि यूएई अपनी सुरक्षा को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं करता। इन सभी बातों का समय इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि यह सब उस वक्त सामने आया है जब जयशंकर का यूएई दौरा चल रहा था। इससे यह साफ होता है कि इस समय दुनिया में कूटनीतिक, सुरक्षा और ऊर्जा से जुड़े मुद्दे एक साथ जुड़े हुए हैं।

## हम रख लेंगे ईरान का यूरेनियम, पुतिन ने फेंका ऐसा पासा, अमेरिका नहीं काट पाएगा कन्नी

**रूस**

**रूस** ने घोषणा की है कि वह अमेरिका के साथ किसी भी भावी शांति समझौते के हिस्से के रूप में ईरान के समृद्ध यूरेनियम को स्वीकार करने के लिए तैयार है। यह बयान पाकिस्तान में सप्ताहांत में हुए अमेरिका-ईरान वार्ता के एक और दौर के विफल होने के तुरंत बाद आया है, जिससे फरवरी के अंत से चल रहे इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए त्वरित समाधान की उम्मीदें धूमिल हो गईं, जिसमें हजारों लोगों की जान जा



चुकी है और वैश्विक अर्थव्यवस्था हिल गई है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यह प्रस्ताव सीधे वाशिंगटन और क्षेत्रीय राजधानियों को भेजा है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव अभी भी विचाराधीन है, लेकिन इस पर अमल नहीं किया गया है। दुनिया के सबसे बड़े परमाणु शस्त्रागार वाले रूस ने दीर्घकालिक समाधान के समर्थन में ईरान के समृद्ध यूरेनियम को स्वीकार करने की इच्छा लगातार व्यक्त की है। पेस्कोव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी की धमकी की भी आलोचना की।

## अमेरिका की नाकेबंदी पर ईरान ने दे डाली दुनिया को खतरनाक चेतावनी



**अमेरिका**

**अमेरिका** और ईरान के बीच टकराव अब खुली समुद्री जंग के मुहाने पर खडा है। अमेरिका ने आज से ईरानी बंदरगाहों पर समुद्री नाकेबंदी लागू करने का ऐलान कर दिया है और इस फैसले ने पूरी दुनिया की सांसें अटका दी हैं। यह ऐसा दांव है जो वैश्विक व्यापार, तेल आपूर्ति और सामरिक संतुलन को हिला सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर यह नाकेबंदी लागू की जा रही है। अमेरिकी सेंट्रल कमान ने साफ कहा है कि ईरान के बंदरगाहों में आने जाने वाले हर जहाज को रोका जाएगा, चाहे वह किसी भी देश का हो। यानी अब समुद्र में कोई भी जहाज ईरान के करीब गया तो उसे अमेरिकी ताकत का सामना करना होगा। हालांकि अमेरिका ने यह भी दावा किया है कि जो जहाज ईरान से जुड़े नहीं हैं और केवल होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं, उन्हें रोका नहीं जाएगा। लेकिन सवाल यही है कि युद्ध के माहौल में ऐसी बातों पर कितना भरोसा किया जा सकता है?

देखा जाये तो इस फैसले की जड़ में वह कूटनीतिक विफलता है जो पाकिस्तान में हुई बातचीत के दौरान सामने आई। दोनों देशों के बीच समझौते की उम्मीदें लगभग बन चुकी थीं, लेकिन आखिरी वक्त में बातचीत टूट गई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि उसने अपनी शर्तें बार बार बदलीं और अधिकतम दबाव की नीति अपनाई। दूसरी तरफ ट्रंप ने साफ कह दिया ।

## शांति के बीच पाकिस्तान का खेल, सऊदी में 13000 सैनिक भेजकर मचा दिया बवाल

**पाकिस्तान**

**पूरी** दुनिया इस वक्त शांति की तरफ बढ़ने की कोशिश कर रही है। लेकिन पाकिस्तान है कि हर मौके पर अपनी बेइज्जती करवाने का कोई रास्ता निकाल ही लेता है। एक तरफ मध्य पूर्व में तनाव कम हो रहा था। सीज फायर लागू हो चुका था। ईरान ने भी अपने हमले रोक दिए थे। लेकिन तभी पाकिस्तान ने फिर वही पुराना खेल खेल दिया। जिस वक्त दुनिया शांति की तरफ बढ़ रही थी। उस वक्त पाकिस्तान ने अपने फाइटर चैट्स और करीब 13,000 सैनिक सऊदी अरब में भेज दिए। दरअसल 2025 में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच एक रक्षा समझौता हुआ था। जिसके मुताबिक अगर किसी एक देश पर हमला होता है तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। कागजों पर यह समझौता भले ही मजबूत दिखता था, लेकिन असल में यह पाकिस्तान की मजबूरी और उसकी निर्भरता को उजागर करता है। सबसे बड़ी बात देखिए जब ईरान सऊदी अरब पर हमले कर रहा था, तब पाकिस्तान कहीं नजर नहीं आया।

जैसे ही माहौल शांत हुआ,पाकिस्तान दिखावा करने पहुंच गया। यानी खतरे के वक्त गायब और बाद में हीरो बनने की कोशिश। अब यहां एक और बड़ा खेल देखिए। एक तरफ पाकिस्तान खुद को शांति का दूत दिखाना चाहता है। इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत करवाने की कोशिश कर रहा है और दूसरी तरफ उसी इलाके में अपनी सेना भेजकर एक पक्ष के साथ खड़ा भी हो रहा है। आप



खुद सोचिए क्या कोई देश एक साथ मध्यस्थ भी बन सकता है और किसी एक पक्ष का सैनिक साथी भी यही पाकिस्तान के दोहरी नीति है जो उसकी कूटनीति पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा करती है। असल में यह कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान लंबे समय से सऊदी अरब पर निर्भर रहा है और इसके बदले में सऊदी अरब उसे बार-बार आर्थिक मदद देता है। जब यूएई ने पाकिस्तान से अपना कर्ज वापस मांगा तब भी सऊदी अरब ही सामने आया। 2018 में 6 अरब का पैकेज और आज भी आर्थिक संकट के वक्त सऊदी का सहारा यानी साफ है कि पाकिस्तान की विदेश नीति या रणनीति पर नहीं बल्कि मजबूरी बन चुकी है। जहां फैसले राष्ट्रीय हित से नहीं बल्कि पैसों के दबाव से लिए जाते हैं। यही वजह है कि आज पाकिस्तान अपने ही सैनिकों को हजारों किलोमीटर दूर भेज रहा है। जबकि उसके अपने देश में हालत स्थिर नहीं है।

पहले ही ईरान और सऊदी अरब के बीच तनाव बना हुआ है। ऐसे में पाकिस्तान का खुलकर सऊदी के साथ खड़ा होना उसे एक पक्षीय खिलाड़ी बना देता है।

## ट्रंप ने 158 , जहाज तबाह किए, ईरान की पूरी नौसेना खत्म!

**ईरान**

**ईरान** इजराइल अमेरिका जंग के बीच सबसे बड़ी खबर आई कि सीज फायर हो गया। फिर 10 अप्रैल को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अमेरिका के उपराष्ट्रपति ईरान की तरफ से उनके प्रतिनिधि और पाकिस्तान ने प्रतिनिधित्व कराने का श्रेय लेते हुए मीटिंग की। ट्रंप ने आज यानी सोमवार 13 अप्रैल 2026 से स्टेट ऑफ हॉरर्मज पर नाकेबंदी शुरू करने का ऐलान कर दिया और कह दिया है कि हम ईरान की तेल बिक्री नहीं होने देंगे। तेहरान वापस लौट



कर आए बातचीत की टेबल पर या ना आए मुझे नहीं फर्क पड़ता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उनकी नाकाबंदी की समय सीमा समाप्त होने के बाद ईरान की नौसेना पूरी तरह से नष्ट हो गई है, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान के 158 जहाज नष्ट हो गए हैं और दावा किया कि ईरान की नौसेना अब समुद्र की गहराई में है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि छोटे "तेज गति से हमला करने वाले जहाजों" को निशाना नहीं बनाया गया, क्योंकि उन्हें शुरू में कोई बड़ा खतरा नहीं माना गया था।

ईरान को नई चेतावनी

ट्रम्प ने स्पष्ट चेतावनी जारी करते हुए कहा कि नाकाबंदी के पास आने वाले किसी भी ईरानी जहाज को तत्काल नष्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी सेना उसी त्वरित कार्रवाई की रणनीति का इस्तेमाल करेगी जो समुद्री मादक पदार्थों के खिलाफ अभियानों में अपनाई जाती है, और इस रणनीति को तेज और क्रूर बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी दावा किया कि अमेरिका में समुद्री मार्ग से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी में काफी कमी आई है, और कहा कि समुद्री मार्गों से प्रवेश करने वाले 98 प्रतिशत से अधिक मादक पदार्थों को रोक दिया गया है।

ये टिप्पणियां बयानबाजी में तीव्र वृद्धि का संकेत देती हैं, जिसके रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा और व्यापक क्षेत्रीय स्थिरता पर संभावित प्रभाव पड़ सकते हैं।

## सैन्य कार्रवाई का नहीं करेंगे समर्थन

**ब्रिटेन**

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक तनाव बढ़ने के बावजूद, ब्रिटेन ईरान के पास नाकाबंदी लगाने के अमेरिका के कदम का समर्थन नहीं करेगा। बीबीसी से बात करते हुए स्टारमर ने जोर देकर कहा कि ब्रिटेन की प्राथमिकता तनाव बढ़ाना नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक पर स्थिरता और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है। स्टारमर ने दृढ़ता से कहा कि बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद, ब्रिटेन ठोस कानूनी आधार और स्पष्ट योजना के बिना ईरान संघर्ष में शामिल नहीं होगा। उन्होंने रेखांकित किया कि उनकी सरकार का रुख व्यापक युद्ध में घसीटे जाने से बचना है, और यह स्पष्ट किया कि ब्रिटेन इस स्थिति में सावधानीपूर्वक और स्वतंत्र रूप से कार्य करेगा। सैन्य कार्रवाई का समर्थन करने के बजाय, स्टारमर ने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिटेन का ध्यान होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और इसे पूरी तरह से चालू रखने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ब्रिटिश सैन्य संसाधन, जिनमें नौसैनिक क्षमताएं भी शामिल हैं, किसी भी प्रकार की नाकाबंदी लागू करने के बजाय सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हैं। अमेरिका नाकाबंदी योजना पर आगे बढ़ रहा है

ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिकी सेना ईरान से जुड़े समुद्री यातायात को अवरुद्ध करना शुरू कर देगी। यह कदम सप्ताहांत में असफल राजनयिक वाताओं के बाद उठाया गया है। वाशिंगटन ने कहा है कि नाकाबंदी ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने या बाहर निकलने वाले जहाजों को लक्षित करेगी, जबकि ईरान से जुड़े न होने वाले जहाजों को आवागमन की अनुमति दी जाएगी।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## भारत के दुश्मन पर टूट पड़ा दुनिया का सबसे सनकी शख्स, हिली दुनिया!

**इजराइल**

**एक** व्यक्ति ने भारत के एक बड़े दुश्मन देश का जीना मुश्किल कर रखा है। इसी व्यक्ति ने भारत के दुश्मन देश को चेतावनी दी है कि मुझे 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर और अपने देश की सबसे खूबसूरत महिला दो नहीं तो तुम्हें बर्बाद कर दूंगा। इस अजीब मगर बेहद ही दिलचस्प घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान फिलहाल कुछ समय के लिए ईरान और अमेरिका से हटा दिया है। जिस व्यक्ति ने यह पूरा बवाल खड़ा किया है वह युगांडा का डिफेंस मिनिस्टर मुहूजी केनेरू गाबा है। मुहूजी ने भारत के दुश्मन देश तुर्की से $1 अरब डॉलर यानी करीब ?9000 करोड़ मांगे हैं। इसी के साथ-साथ तुर्की की सबसे खूबसूरत महिला को अपनी पत्नी बनाने की मांग कर दी है। मोहूजी ने चेतावनी दी है कि अगर तुर्की ने मेरी यह मांग पूरी नहीं की तो मैं युगांडा के 1 लाख सैनिक इजराइल भेज दूंगा और तुर्की का बैंड बजा दूंगा।

जानकारी के लिए बता दें कि जिस तरह से तुर्की भारत का दुश्मन है, उसी तरह से इजराइल का भी दुश्मन है। युगांडा को यह बात पता है कि हाल ही में इजराइल ने कहा था कि तुर्की अब हमारे लिए नया ईरान है। हम तुर्की पर हमला कर सकते हैं। इसी का फायदा अब युगांडा ने उठा लिया है। अगर तुर्की ने यह नहीं किया तो मेरे 1 लाख सैनिक इजराइल भेजे जाएंगे। लेकिन सवाल है कि युगांडा के डिफेंस मिनिस्टर तुर्की के पीछे क्यों पड़ गए हैं? दरअसल ये सारा झगड़ा एक दूसरे अफ्रीकी देश सोमालिया को लेकर है। सोमालिया में एक आतंकी संगठन है अल



शबाब। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब युगांडा के आर्मी चीफ ने ऐसी मांग रखी हो। इससे पहले काइनेर रुगावा ने वर्ष 2022 में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से शादी करने की इच्छा जताई थी। तब कायने रुगावा ने कहा था कि अगर मेलोनी शादी के लिए राजी हो जाती हैं तो वह इटली को 100 गाय देंगे। मेलोनी ने शादी के लिए हां नहीं किया तो और खूबसूरत महिला से शादी का कायने रुगाबा का सपना अधूरा रह गया। इसीलिए अब कई वर्षों बाद उन्होंने तुर्की की सबसे खूबसूरत महिला को अपनी पत्नी बनाने की मांग रखी है। काइना रुगावा ने तुर्किए को चेतावनी भी दी है। उन्होंने तुर्किए को 30 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो युगांडा में तुर्की का दूतावास बंद कर दिया जाएगा और राजनैतिक संबंध खत्म कर दिए जाएंगे। किसी देश के राष्ट्रपति के बेटे और आर्मी चीफ की बेतुकी बातों का सोशल मीडिया पर खूब मजाक बन रहा है।

## 43 हमलों की जिम्मेदारी लेकर दी बड़ी चेतावनी

**ईरान**

**ईरान** के सरकारी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक, हिज्बुल्लाह के इस्लामिक प्रतिरोध संगठन ने रविवार को इजरायली ठिकानों और सैन्य प्रक्षेपों पर 43 सैन्य अभियानों की जिम्मेदारी ली है। संगठन का कहना है कि ये हमले कथित युद्धविराम उल्लंघन और लेबनान में इजरायल की लगातार सैन्य गतिविधियों के जवाब में किए गए थे। प्रेस टीवी ने आतंकवादी संगठन के एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि इन अभियानों में सीमा के पास स्थित इजरायली सैन्य ठिकानों के साथ-साथ कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदरूनी हिस्सों, जिनमें सीरिया के गोलान हाइट्स ।